नई दिल्ली, शनिवार, 22 नवंबर 2025
मार्गशीर्ष मास शुक्ल पक्ष,
द्वितीया वर्ष : 29, अंक : 219
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00


मौसम
अधि. 25
न्यून. 12

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

9 टेस्ट कप्तानी का डेब्यू करेंगे पंत



# 350वां शहीदी दिवस

## श्री गुरु तेग़ बहादुर जी
## भाई मती दास जी,
## भाई सती दास जी,
## भाई दयाला जी

को समर्पित



# नगर कीर्तन एवं समागमों का विवरण

### श्रीनगर से श्री आनंदपुर साहिब (19-22 नवंबर, 2025)



1 श्रीनगर
2 जम्मू
3 पठानकोट
4 दसूहा
5 होशियारपुर
6 माहिलपुर
7 गढ़शंकर
8 श्री आनंदपुर साहिब

पड़ाव
दिन 1 – जम्मू (19 नवंबर, 2025)
दिन 2 – पठानकोट (20 नवंबर, 2025)
दिन 3 – होशियारपुर (21 नवंबर, 2025)

### गुरदासपुर से श्री आनंदपुर साहिब (20-22 नवंबर, 2025)



1 गुरदासपुर
2 बटाला
3 बाबा बकाला साहिब
4 श्री अमृतसर साहिब
5 तरन तारन
6 गोइंदवाल साहिब
7 कपूरथला
8 करतारपुर
9 जालंधर
10 फ़गवाड़ा
11 बंगा
12 नवांशहर
13 बलाचौर
14 श्री आनंदपुर साहिब

पड़ाव
दिन 1 - श्री अमृतसर साहिब (20 नवंबर, 2025)
दिन 2 – जालंधर (21 नवंबर, 2025)

### फ़रीदकोट से श्री आनंदपुर साहिब (20-22 नवंबर, 2025)



1 फ़रीदकोट
2 फ़िरोज़पुर
3 मोगा
4 जगराओं
5 लुधियाना
6 खन्ना
7 सरहिंद
8 फ़तेहगढ़ साहिब
9 मोरिंडा
10 चमकौर साहिब
11 रूपनगर
12 श्री आनंदपुर साहिब

पड़ाव
दिन 1 – लुधियाना (20 नवंबर, 2025)
दिन 2 – फ़तेहगढ़ साहिब (21 नवंबर, 2025)

### गुरुद्वारा बेर साहिब (छावनी बुड्ढा दल) तलवंडी साबो से श्री आनंदपुर साहिब (20-22 नवंबर, 2025)



1 गुरुद्वारा बेर साहिब (छावनी बुड्ढा दल) तलवंडी साबो
2 बठिंडा
3 बरनाला
4 संगरूर
5 पटियाला
6 राजपुरा
7 बनूड़
8 साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर
9 कुराली
10 रूपनगर
11 श्री आनंदपुर साहिब

पड़ाव
दिन 1 – संगरूर (20 नवंबर, 2025)
दिन 2 - साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर (21 नवंबर, 2025)

## श्री आनंदपुर साहिब में होने वाले समागमों का विवरण

### 23 नवंबर, 2025

- आरंभ श्री अखंड पाठ साहिब
- श्री गुरु तेग़ बहादुर जी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन
- सर्व धर्म सम्मेलन
- विरासत-ए-खालसा, भाई जैता जी मेमोरियल और पंज प्यारा पार्क का गाइडेड टूर
- ड्रोन शो
- कथा एवं कीर्तन दरबार

### 24 नवंबर, 2025

- शीश भेंट नगर कीर्तन (कीरतपुर साहिब से श्री आनंदपुर साहिब)
- श्री आनंदपुर साहिब में हैरिटेज वॉक
- श्री आनंदपुर साहिब में श्री गुरु तेग़ बहादुर जी को समर्पित विशेष विधानसभा सत्र
- ढाडी, कविशर दरबार
- गुरु साहिब के जीवन एवं शिक्षाओं पर आधारित नाटक/पाठ/कविता
- गतका और अन्य कार्यक्रम
- ड्रोन शो
- कथा एवं कीर्तन दरबार

### 25 नवंबर, 2025

- श्री अखंड पाठ साहिब के भोग की संपूर्णता
- राज्य स्तरीय रक्तदान मुहिम
- 3.50 लाख पौधे लगाने की राज्य स्तरीय मुहिम
- गुरुवाणी कीर्तन
- सरबत दा भला एकत्रता
- ड्रोन शो

धार्मिक स्वतंत्रता और मानव अधिकारों के संरक्षक, करुणा, त्याग और साहस के प्रतीक नौवें पातशाह श्री गुरु तेग़ बहादुर जी आज भी सम्पूर्ण मानवता के लिए एक प्रकाश-स्तंभ बने हुए हैं। आइए, अपने परिवारों सहित इस पवित्र धरती पर श्रद्धा से नतमस्तक होकर इन दिव्य आयोजनों का हिस्सा बनें।

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

# 48 घंटे की कार्रवाई में साइबर अपराध के 800 से अधिक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने 'साई-हॉक' नामक 48 घंटे के अभियान में 4,400 से अधिक संदिग्धों से पूछताछ की और विभिन्न साइबर अपराध मॉड्यूल से जुड़े 800 से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार



किया या उन्हें कानूनी नियंत्रण के तहत रखा है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) के साथ निकट समन्वय में चलाए गए अभियान के तहत साइबर धोखाधड़ी नेटवर्क, नकदी-निकासी एजेंटों और राष्ट्रीय राजधानी में संचालित अवैध कॉल सेंटरों को लक्षित किया गया। एक अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के लिए कुल 4,467 व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया, जिनमें से 877 को तकनीकी विश्लेषण, वित्तीय सुराग और ठोस सबूतों के आधार पर या तो गिरफ्तार कर लिया गया या उन्हें कानूनी नियंत्रण के तहत रखा गया है। उन्होंने कहा कि अन्य 509 लोगों को साइबर-धोखाधड़ी नेटवर्क के साथ उनके संदिग्ध संबंधों के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) के तहत नोटिस जारी किया गया है।

संयुक्त पुलिस आयुक्त (इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशंस) रजनीश गुप्ता ने प्रैसवार्ता में बताया कि जांचकर्ताओं ने 1,000 करोड़ रुपये से अधिक के वित्तीय लेनदेन की भी पहचान की है, जो कथित तौर पर दिल्ली से संचालित संगठित साइबर सिंडिकेट से जुड़े खातों के माध्यम से स्थानांतरित किए गए थे। पुलिस ने बताया कि दो दिवसीय अभियान में 360 नई प्राथमिकी दर्ज की गई और साइबर अपराध के 160 मामलों में महत्वपूर्ण सफलता मिली। नौकरी, निवेश, और 'वर्क-फ्रॉम-होम' जैसे वादे कर धोखाधड़ी के मामलों का भंडाफोड़ किया गया है, जबकि लोगों को ठगने में शामिल कई कॉल सेंटर पर भी छापा मारा गया है।

## एलएनजेपी अस्पताल आग से बचाव के मांपदंडो पर नहीं उतरा खरा

**नई दिल्ली।** दमकल विभाग ने लोक नायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल (एलएनजेपी) के कई खंडों के लिए अग्नि सुरक्षा प्रमाणपत्र को नवीनीकृत करने से इंकार कर दिया है। बताया गया कि निरीक्षण के दौरान बिल्डिंगों में कई गंभीर खामियां दिखाई दी। इनमें आग सुरक्षा प्रणाली का काम नहीं करना, फायर एग्जिट दरवाजे का गायब होना और दमकल गाड़ियों की आवाजाही के लिये पर्याप्त मार्ग नहीं होने के अलावा अन्य कई खामियां शामिल बताई गई हैं। दमकल विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि टीम ने गत छह और 10 नवंबर को संबंधित विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में सर्जिकल, कैजुअल्टी, ओपीडी और हड्डी विभाग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कम से कम 15 बड़ी कमियां पाई गई। इसमें कहा गया है कि अस्पताल में छह मीटर चौड़ी सड़क नहीं है, जिसमें दमकल गाड़ी के आने-जाने के लिए नौ मीटर का टर्निंग रेडियस जरूरी है। लिफ्ट के लिए बेसमेंट में लिफ्ट लॉबी नहीं हैं, हालांकि स्मोक डिटेक्टर लगे हुए हैं, लेकिन वे काम नहीं कर रहे थे। इसमें जोर देकर कहा गया है कि अग्नि सुरक्षा प्रमाणपत्र तब तक रोक कर रखा जाएगा जब तक सभी कमियां ठीक नहीं हो जातीं और अस्पताल जरूरी नियमों का पालन नहीं कर लेता।

### आठ लोगों को पकड़ा

# इंटरनेशनल साइबर फ्रॉड कॉल सेंटर का पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

साउथ दिल्ली पुलिस ने सतबड़ी इलाके से चल रहे गैर-कानूनी इंटरनेशनल कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में आठ लोग पकड़े गए हैं। महरौली थाने में केस दर्ज किया गया है। साइबर फ्रॉड नेटवर्क के खिलाफ चल रहे CyHawk ऑपरेशन के तहत यह कार्रवाई की गई।

पुलिस के अनुसार मिली खास खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए महरौली थाने के स्टाफ ने छतरपुर के सतबड़ी की गली नंबर 3, बड़ी मस्जिद के पास एक



बिल्डिंग की तीसरी मंजिल से चल रहे एक संदिग्ध गैर-कानूनी कॉल सेंटर की पहचान की गई। इसके बाद 20 नवंबर को छापेमारी की कार्रवाई में आठ लोगों को पकड़ा गया। कॉल सेंटर के जरिये विदेशी नागरिकों को चीट किया जा रहा था। आरोपी खुद को टेक्निकल सपोर्ट रिप्रेजेंटेटिव बताकर अमेरिकी नागरिकों को नकली रिपेयर सर्विस के बदले गिफ्ट कार्ड से पेमेंट करने के लिए उकसाते थे। आरोपी लोग पीड़ितों को धोखा देने के लिए वीओआईपी बेस्ड कम्युनिकेशन, पॉप-अप अलर्ट, कंप्यूटर से बने फोन नंबर और रिमोट एक्सेस टूल का इस्तेमाल कर रहे थे। पकड़े गये आठ आरोपियों में मोहित जुनेजा, सार्थक शर्मा, हितेश, रेहान, प्रणव, अभिषेक, मानव तनेजा और एक महिला शामिल है। सात आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया और दो दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया।

# दशकों बाद डबल मर्डर में शामिल दो भगोड़े चढ़े हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच की आरके पुरम टीम ने सरिता विहार डबल मर्डर केस के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने एक मां और उसकी नाबालिग बेटी की निर्मम तरीके से हत्या कर दी थी। एक आरोपी तो 23 साल बाद गिरफ्तार हुआ है। जबकि दूसरा आरोपी 18 साल बाद गिरफ्त में आया है।

पुलिस के अनुसार पकड़े गये आरोपियों के नाम अमलेश और सुशील है। अमलेश गांव इनरवा खुर्दा, पोस्ट बेलवा, जिला शिवहर, बिहार का रहने वाला है। वह इस घिनौने जुर्म के सिलसिले में घोषित अपराधी था। अमलेश लगभग 25 साल तक पुलिस से बचता रहा। दूसरा आरोपी सुशील हत्या के इस दोहरे मामले में दोषी ठहराया जा चुका था। लेकिन 2007 में पैरोल जंप कर गया था। इसे मौत की सजा सुनाई गई थी। दिल्ली हाई कोर्ट ने भी इसकी सजा को बरकरार रखा था, लेकिन बाद में इसे उम्रकैद में बदल दिया गया था। गौरतलब है कि यह वारदात 28 जनवरी, 2002 को रिपोर्ट हुई थी। शिकायत करने वाले अनिल कुमार ने बताया कि मदनपुर खादर में अपने किराए के घर पर पहुंचने पर देखा कि घर में तोड़फोड़ की गई थी और सामने का दरवाज़ा खुला था। खोजने के बाद उन्होंने पाया कि किचन बाहर से बंद था। दरवाजा खोलने पर उसे अपनी पत्नी अनीता (22) और बेटी मेघा (2) की लाशें खून से लथपथ मिली थी। चाकू से वार कर हत्याएं की गई थी। सुशील ने बताया कि अनिल और उसका टेलरिंग का काम था। इससे दोनों के बीच बिजनेस दुश्मनी पैदा हो गई थी, क्योंकि अनिल को उससे ज्यादा बिजनेस मिल रहा था। अमलेश को जामनगर, गुजरात से जबकि सुशील कुमार को इंडो-नेपाल बॉर्डर के पास लालगढ़ गांव से पकड़ा गया है।

# कीर्ति नगर मर्डर केस सुलझा, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ मृतक ब्रेकअप के बाद कर रहा था युवती को ब्लैकमेल

पश्चिमी जिले के कीर्ति नगर में युवक के मर्डर केस में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में पता चला कि मृतक युवक ब्रेकअप के बाद भी अपनी प्रेमिका के आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल कर रहा था। युवती के परिजनों ने उसके काफी समझाया, लेकिन वह नहीं माना। इसके बाद युवती के पिता के अपने बेटे व भांजे के साथ मिलकर युवक की हत्या कर दी। हत्या करने के बाद शव को रेलवे लाइन के पास झाड़ियों में फेंककर फरार हो गए थे। केस में मुख्य आरोपी अभी भी फरार है। पुलिस के अनुसार 17 नवंबर को कीर्ति नगर पुलिस को एक पीसीआर कॉल मिली। कॉलर ने बताया कि रेलवे लाइन, कीर्ति नगर के पास एक आदमी की लाश पड़ी हुई है। पुलिस मौके पर पहुंची और रेलवे ट्रैक के पास झाड़ियों में खून से लथपथ एक आदमी का शव कब्जे में लिया। मतृक की गर्दन पर एक गहरा घाव था और उसका मोबाइल फोन और दूसरा सामान गायब था। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। बाद में मृतक की पहचान अंगद (32) के रूप में हुई। वह बसई दारापुर, मोती नगर का रहने वाला था। पुलिस ने अंगद के घर के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। पुलिस को फुटेज में वह दो लोगों के साथ दिखाई दिया। उनकी पहचान मामा-भाजे के रूप में हुई। इसे बाद टीम ने लोकल इंटेलिजेंस और टेक्निकल सर्विलांस की मदद से एक आरोपी को पकड़ लिया। उसने पुलिस को बताया कि वारदात में युवती के पिता व भाई भी शामिल है। इसके बाद टीम ने युवती के पिता को भी गिरफ्तार कर लिया।

# लखनऊ का सीरियल किलर सोहराब अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

स्पेशल सेल ने हत्या, लूट और रंगदारी के 30 से ज्यादा मामलों में शामिल लखनऊ के सीरियल किलर व गैंगस्टर सोहराब को कोलकाता, पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया है। आरोपी दिल्ली और लखनऊ का एक्टिव अपराधी रहा है। सदर कैंट, नई बस्ती, झोपड़ पट्टी, लखनऊ का रहने वाला यह गैंगस्टर तिहाड़ जेल से रिहा होने के बाद फर्लो जंप कर गया था।

पुलिस के अनुसार सोहराब को 19 मई 2025 को दिल्ली के कृष्णा नगर थाने के केस में फर्लो पर रिहा किया गया था। फर्लो का समय खत्म होने के बाद उसने सरेंडर नहीं किया था। पुलिस ने इसकी तलाश शुरू की और शाहदरा के आसपास कुछ लीड्स पर काम करना शुरू किया। इसके बाद फोकस लखनऊ पर गया। वह शहर जहां सोहराब को सीरियल किलर निकनेम मिला



था। ह्यूमन इंटेलिजेंस की मदद से टीम भारत के अलग-अलग शहरों और कस्बों में गई जिनमें बाराबंकी, बहराइच, मुरादाबाद, नानपारा (इंडिया-नेपाल बॉर्डर) और कोलकाता शामिल थे। इस बीच 6 अक्टूबर को स्पेशल सेल थाने में दर्ज केस की जांच के दौरान गिरफ्तार आरोपी नसीम ने बताया कि सोहराब भी हथियार खरीदने में उसके साथ शामिल था। आखिर में खास जानकारी मिली कि सोहराब कोलकाता के बिधान नगर में एक इन-विट्रो फर्टिलाइजेशन (आईवीएफ) क्लिनिक में आएगा। इसके बाद स्पेशल सेल टीम ने एक जाल बिछाया और उसे पकड़ लिया गया।

### 20 साल पहले हत्या से की थी क्रिमिनल करियर की शुरूआत

सोहराब ने अपने क्रिमिनल करियर की शुरुआत साल 2005 में लखनऊ में सनसनीखेज मर्डर करके की थी। उसने अपने छोटे भाई शहजादा की मौत का बदला लिया था। 2007 में सोहराब पुलिस कस्टडी से उस समय भाग गया था, जब उसे ट्रिपल मर्डर केस में लखनऊ की कोर्ट में पेश किया जा रहा था। वह धीरे-धीरे लखनऊ के सदर कैंट थाने का टॉप गैंगस्टर बन गया। वह उत्तर प्रदेश के टॉप 10 क्रिमिनल्स की लिस्ट में शामिल था। सोहराब पहले भी दिल्ली और उत्तर प्रदेश में मर्डर, हत्या की कोशिश, रॉबरी, एक्सटॉर्शन वगैरह जैसे 30 से ज्यादा केस में शामिल रहा है। वह लखनऊ के सदर थाने का घोषित हिस्ट्रीशीटर है।

# छात्र सुसाइडः गिरफ्तारी की मांग को लेकर स्कूल के बाहर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

राजेंद्र प्लेस मेट्रो स्टेशन से कूदकर आत्महत्या करने वाले 10वीं कक्षा के छात्र के परिजनों और दोस्तों ने शुक्रवार को सेंट कोलंबस स्कूल के बाहर विरोध प्रदर्शन कर आरोपी शिक्षकों की गिरफ्तारी की मांग की। कुछ शिक्षकों पर उसे मानसिक रूप से परेशान करने का आरोप लगाया गया था। परिजनों ने कहा कि स्कूल को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए तथा उन्होंने सरकार से छात्रों के लिए मानसिक स्वास्थ्य सुरक्षा उपायों को मजबूत करने का आग्रह भी किया।

मृतक छात्र के चाचा चंद्रशील धवन ने कहा कि सरकार द्वारा गठित उच्च-स्तरीय समिति को निर्णायक कार्रवाई करनी चाहिए और स्कूलों के शिक्षकों के साथ नियमित और सार्थक संवाद सुनिश्चित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए यह आसान समय नहीं है। उन्हें कई तरफ से दबाव का सामना करना पड़ता है और शिक्षकों को उनके भावनात्मक दबाव को समझने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि छात्रों के साथ धैर्य और संवेदनशीलता से पेश



आना चाहिए। इस अवस्था में वे नाजुक दौर में होते हैं और उनके आसपास के वयस्कों का व्यवहार काफी फर्क डाल सकता है। स्पष्ट दिशा-निर्देशों की जरूरत है ताकि किसी और बच्चे को ऐसी उपेक्षा का सामना न करना पड़े। गौरतलब है कि 10वीं कक्षा के छात्र ने मंगलवार दोपहर 2.34 बजे राजेंद्र प्लेस मेट्रो स्टेशन के प्लेटफॉर्म से छलांग लगा दी थी। उसे बीएलके सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। छात्र ने एक सुसाइड नोट छोड़ा है जिसमें उसने कुछ शिक्षकों के नाम लिए हैं और उन्हें अपनी मानसिक परेशानी के लिए जिम्मेदार ठहराया है और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग भी की थी।

# उपराज्यपाल सक्सेना ने दिल्ली पुलिस को दिए निर्देश अमोनियम नाइट्रेट की खरीद-फरोख्त का रखें रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ फेसबुक व एक्स पर नजर बनेगा चिकित्सकों और पैरामेडिकल कर्मचारियों का केंद्रीय डेटा रिपॉजिटरी

आतंकी द्वारा 10 नवंबर 2025 को लाल किला के पास किए गए आत्मघाती धमाके के बाद उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने शुक्रवार को दिल्ली पुलिस को सख्त निर्देश दिए है कि वह राजधानी में अमोनियम नाइट्रेट की खरीद-फरोख्त का रिकॉर्ड रखें। इसक अलावा एलजी ने पुलिस को निर्देश दिए है कि सोशल मीडिया प्लेट मंचों में जैसे फेसबुक और एक्स पर होने वाली चरमपंथ की ओर प्रवृत्त संवेदनशील साम्रगियों पर रोक लगाने के लिए संबंधित कंपनियों से बातचीत करके कदम उठाएं। एलजी ने अपने आदेश में कहा है कि निर्धारित सीमा से अधिक अमोनियम नाइट्रेट की खरीद-फरोख्त करने वाली इकाइयों का पुलिस को डिजिटल रिकॉर्ड रखना चाहिए। इसके अलावा उपराज्यपाल ने पुलिस को निर्देश दिए है कि सभी व्यस्त बाजारों और विभिन्न अंतरराज्यीय बस अड्डों (आईएसबीटी) रेलवे स्टेशन, सिनेमाघर, पार्क और मेट्रो स्टेशन आदि की सुरक्षा बढ़ाने व निगरानी तंत्र को मजबूत करने को कहा है। उपराज्यपाल ने पुलिस को निर्देश दिए है कि इन सभी की सुरक्षा को लेकर ऑडिट करके रिपोर्ट दी जाए। इस बारे में राजनिवास सचिवालय द्वारा दी गई जानकारी अनुसार ऐसे दिशा निर्देश 19 नवंबर को पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा और मुख्य सचिव राजीव वर्मा को लिखित रूप में भेजे जा चुके है। जिसमें उपराज्यपाल के आदेश पर उठाए गए कई एहतियाती और रोकथाम संबंधी उपायों का हिस्सा हैं। अमोनियम नाइट्रेट 10 नवंबर के विस्फोट में इस्तेमाल किए गए विस्फोटकों में से एक था। इस धमाके में अब तक 15 लोगों की दर्दनाक मौत हो चुकी है। यह विस्फोट मुख्य रूप से हरियाणा के फरीदाबाद से अमोनियम नाइट्रेट सहित लगभग 3000 किलोग्राम विस्फोटक की बरामदगी के साथ एक अंतरराज्यीय सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश होने के तुरंत बाद हुआ था। एलजी ने पुलिस को निर्धारित सीमा से अधिक अमोनियम नाइट्रेट खरीदने या बेचने वाली इकाइयों का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करने का निर्देश दिया है। इसमें खरीदार और विक्रेता की तस्वीरों के अलावा अन्य प्रासंगिक विवरण भी शामिल होने चाहिए। उन्होंने कहा पुलिस आयुक्त दिल्ली पुलिस अधिनियम, 1978, विस्फोटक अधिनियम, 1884 और अमोनियम नाइट्रेट नियम, 2012 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अमोनियम नाइट्रेट की बिक्री, भंडारण और परिवहन के लाइसेंस के लिए 2022 के आदेश पर फिर से विचार कर सकते हैं।

## एलजी की अध्यक्षता में हुई आईआईआईटी दिल्ली की 17 वीं जनरल काउंसिल बैठक आयोजित

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने शुक्रवार को इंद्रप्रस्थ सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली (आईआईआईटी-डी) की 17वीं जनरल काउंसिल मीटिंग की अध्यक्षता की और जी सी को दी गई डायरेक्टर की रिपोर्ट का रिव्यू किया। राज निवास में आयोजित इस बैठक में एलजी के अलावा आईआईआईटी दिल्ली के वरिष्ठ अधिकारी व अन्य मौजूद थे। जानकारी अनुसार बैठक में एलजी ने जीसी को दी गई डायरेक्टर की रिपोर्ट के रिव्यू के अलावा कई अन्य मुद्दों पर चर्चा की।

## निजी आपूर्ति कंपनियों ने किए सर्दियों में अधिकतम बिजली खपत को पूरा करने के दावे, तैयारी पूरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में निजी बिजली आपूर्ति कंपनियों बीएसईएस और टाटा पावर डीडीएल ने दावा किया है कि सर्दियों के इस मौसम में अधिकतम विद्युत खपत को पूरा करने के लिए सभी तैयारियां कर ली गई है। इस बारे में बीएसईएस प्रवक्ता ने बताया कि इस बार दिल्ली में सर्दियों के मौसम में बिजली की अधिकतम मांग 6000 मेगावॉट पहुंच सकती है। जबकि पिछले साल 2024 में ठंड के महीनों में राजधानी में बिजली की पीक डिमांड 5655 मेगावॉट तक पहुंची थी, जो इस बार बढ़ने की संभावना है। इसमें बीएसईएस की इकाई बीआरपीएल इलाके में करीब 2570 मेगावॉट और बीवाईपीएल आपूर्ति क्षेत्र में करीब 1350 मेगावॉट की अधिकतम मांग पहुंच सकती है। प्रवक्ता ने बताया कि बीएसईएस उपभोक्ताओं को मिलने वाली 50 प्रतिशत तक बिजली ग्रीन एनर्जी के तहत होगी। इस बार सर्दियों में बीएसईएस उपभोक्ताओं को मिलने वाली 50 प्रतिशत तक बिजली ग्रीन होगी। यानी 2336 मेगावॉट बिजली की आपूर्ति अक्षय व स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों से की जाएगी। इनमें सौर ऊर्जा, विंड एनर्जी, हाइड्रो पावर, कचरे से बनने वाली बिजली आदि शामिल हैं।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राहुल पुत्र** विजय, **निवासी** मकान नं0–1802, गली नं0–9, मेन सर्कुलर रोड, सोनिया विहार, दिल्ली, ने **FIR No. 837/2021, U/S 380/411/34 IPC, पुलिस स्टेशन बुराड़ी, उत्तर जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राहुल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राहुल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 837/2021, U/S 380/411/34 IPC, पुलिस स्टेशन बुराड़ी, उत्तर जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **राहुल** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.12.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री पायल सिंगल**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–09, (केन्द्रीय)**
**कमरा नं0–286, उत्तर जिला,**
**तीस हज़ारी कोर्ट, दिल्ली**

DP/15676/N/2025
(Court Matter)


## गुरु तेग बहादुर और उनके अभिन्न सिखों की शहादत को समर्पित शहीदी समारोह लाल किले पर शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की सीनियर मेंबर बीबी रंजीत कौर ने शुक्रवार को मीडिया को जारी किए गए एक बयान में कहा कि पंथ के नौवें गुरु, गुरु तेग बहादुर साहिब और उनके साथी सिख भाई मतिदास , भाई सती दास और भाई दयाला की 350वीं शहादत शताब्दी को समर्पित समारोह लालकिला पर शुरू हो गए है। दिल्ली कमेटी, दिल्ली सरकार के सहयोग से लाल किले व अलग अलग गुरुद्वारा साहिब में श्रद्धांजलि समारोह आयोजित कर रही है। इस मौके पर लाल किले पर प्रोग्राम शुरू हो गए हैं, जिसमें बच्चों ने गुरबाणी का गुणगान किया और अखाड़ा जत्थों ने अपनी कला दिखाई। जबकि 25 नवंबर को गुरुद्वारा सीस गंज साहिब से भव्य नगर कीर्तन निकाला जाएगा, जो गुरुद्वारा रकाब गंज साहिब में खत्म होगा। उन्होंने बताया कि इसके बाद 26 तारीख को गुरुद्वारा रकाब गंज साहिब के लखी शाह वंजारा हॉल में एक खास कीर्तन दीवान लगाया जाएगा।

## शालीमार बाग में लगे पोस्टरों को लेकर आप प्रदेश संयोजक सौरभ ने सीएम पर कसा तंज

**नई दिल्ली।** शालीमार बाग विधानसभा में लगाए गए पोस्टरों की एक वीडियो सोशल मीडिया पर साझा कर आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर तंज कसा और कहा कि जब रेखा गुप्ता पार्षद थीं, तब भी उनके पति ही अफसरों के साथ बैठकें करते थे और अब जब मुख्यमंत्री हैं, तब भी उनके पति ही उनका सारा काम देख रहे हैं। उल्लेखनीय है कि सीएम की विधानसभा में लगाए गए पोस्टरों में लिखा है कि शालीमार बाग वार्ड 56 की जनता तय करे, पढ़ी-लिखी पार्षदा चाहिए या फुलेरा की पंचायत वाले प्रधानपति चाहिए। सौरभ ने बताया कि रेखा गुप्ता पर लंबे समय से आरोप लगते रहे हैं कि जब वे पार्षद थीं तब भी उनके पति ही अधिकारियों के साथ सारी मीटिंग्स करते थे और अब मुख्यमंत्री बनने के बाद भी सारा काम उनके पति ही कर रहे हैं। वे अधिकारियों की बैठकें लेते हैं, निरीक्षण करते हैं और अपने दिशा-निर्देश देते हैं। इसके फोटो और वीडियो भी खूब उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि पोस्टरों में लिखा जनता का यह संदेश मुख्यमंत्री तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने रेखा गुप्ता से कहा कि यदि वे महिला मुख्यमंत्री हैं तो अपना काम खुद करें।


## हरियाणा सरकार | निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि (भ व प) शाखा जीन्द | जीन्द जिले में जुलाना में बागनवाला से पोंकेरी खेड़ी तक नये रोड का निर्माण (रोड आईडी 12483) (बकाया कार्य)। | बंद होने की तिथि 26.11.2025 | 20,87,669/- | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 2 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडी डबवाली | डबवाली कस्बा में विभिन्न स्थानों पर आंशिक रूप से सीवर लाइन बिछाना और एसएफआरसी मैनहोल कवर फ्रेम का प्रावधान व फिक्सिंग, सीवर लाइन में ब्लॉकिज को हटाना, मैनहोल चेम्बर के निर्माण और मरम्मत हेतु डीएनआईटी। सीएच. हैड : वर्ष 2025-26 हेतु सीवरेज स्कीम मण्डी डबवाली कस्बा हेतु वार्षिक रखरखाव आकलन। | 20.11.2025 26.11.2025 | 4,92,587/- | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 3 | लोनिवि (भ व प) शाखा हिसार | हिसार जिले में प्रांतीय मंडल सं.-I, लोनिवि भ व प शाखा में मेन स्टोर हिसार में 11.2 मिमी गेज बजरी की आपूर्ति एकत्रीकरण और परिवहन। | बंद होने की तिथि 26.11.2025 | 3,21,750/- | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज पानीपत | गांव उरलाना कलां ब्लॉक मडलौडा जिला पानीपत में सैनी चौपाल का निर्माण + 9 कार्य। | 20.11.2025 27.11.2025 | 3,20,91,665/- | https://etenders.hry.nic.in | 9068676922 prexeeng.pnp@hry.nic.in |
| 5 | विकास एवं पंचायत जिला परिषद, अम्बाला | बीएनजीवाई ब्लॉक अम्बाला2- गांव जनेतपुर, अम्बाला-II में बीसी चौपाल (प्रथम तल) में हॉल का निर्माण (बीएनजीवाई 2025-26) + 5 कार्य। | 19.11.2025 26.11.2025 | 61,96,682/- | https://etenders.hry.nic.in | 1712975281 zpexenambala@gmail.com |
| 6 | सिंचाई पंचकूला | एक वर्ष हेतु 01.01.2026 से 31.12.2026 तक सिंचाई भवन, सेक्टर-5, पंचकूला में फोटोस्टेट कार्य। | बंद होने की तिथि 01.12.2025 | 6.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1722570325 xenconst1@yahoo.com |
| 7 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग रोहतक | आरडी 0-23693 से चिड़ी माइनर की आंतरिक सफाई और किनारा सफाई + 22 कार्य। | बंद होने की तिथि 25.11.2025 | 21,34,598/- | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज सोनीपत | गांव ठरू में धानक चौपाल में विकास कार्य, एमपीएलएडी। | बंद होने की तिथि 27.11.2025 | 2,92,198/- | https://etenders.hry.nic.in | 9268376188 brijmohansdo@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/160/40553/I/88/7 दि. 21.11.25

नई दिल्ली

शनिवार, 22 नवंबर 2025

मार्गशीर्ष मास शुक्ल पक्ष,
द्वितीया वर्ष : 29, अंक : 219
पृष्ठ 12 मूल्य 2 .00

मौसम
अधि. 25
न्यून. 12

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


2005 से नीतीश अपने पास रखते थे गृह विभाग, भाजपा ने अबकी बार गृह विभाग अपने हिस्से में लिया

# बिहार में अब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जगह सम्राट चौधरी संभालेंगे गृह विभाग की जिम्मेदारी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

बिहार में अब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जगह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी गृह विभाग की जिम्मेदारी संभालेंगे। नीतीश 2005 से लेकर अपने पिछले कार्यकाल तक गृह विभाग अपने पास रखते आये थे लेकिन अबकी बार भाजपा के खाते में गृह विभाग चला गया है।

सम्राट चौधरी के लिए यह बड़ी उपलब्धि है साथ बिहार भाजपा के भीतर इससे उनके कद में और इजाफा हुआ है। गृह मंत्रालय मिलने के बाद सम्राट अब बिहार ⏩ शेष पेज 5 पर

**सरकार और बिहार भाजपा में बढ़ा सम्राट का कद, विजय सिन्हा को मिला भू-राजस्व और खनन विभाग**





## गृह मंत्रालय का परिवर्तन सत्ता संरचना में नया अध्याय लाया

एक बात स्पष्ट है- गृह मंत्रालय का यह परिवर्तन बिहार की सत्ता संरचना में नया अध्याय लेकर आया है। नीतीश कुमार ने अपने सबसे ⏩ शेष पेज 5 पर

## पहली बार नीतीश के पास नहीं होगा गृह विभाग

बिहार में यह पहला मौका है जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पास गृह विभाग नहीं रहेगा। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को गृह मंत्रालय का जिम्मा दिया गया है। वहीं, दूसरे उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा को भू-राजस्व और खनन विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। मंगल पांडे को एक बार फिर से स्वास्थ्य एवं विधि मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है जबकि रामकृपाल यादव कृषि मंत्री बने हैं।

## सम्राट चौधरी शीर्ष नेतृत्व का भरोसेमंद चेहरा

सम्राट चौधरी वर्तमान में उपमुख्यमंत्री हैं और भाजपा के सबसे प्रभावशाली नेताओं में तेजी से उभरे हैं। उनकी आक्रामक राजनीतिक शैली, संगठनात्मक पकड़ और बड़ी जातिगत समीकरणों में स्वीकार्यता ने उन्हें शीर्ष नेतृत्व के भरोसेमंद चेहरों में शामिल किया है। वहीं बिहार चुनाव में उनकी बड़ी भूमिका देखने को मिली। इसके साथ भाजपा के बड़े आयोजन में सम्राट ने मजबूती से काम किया। नीतीश कुमार और भाजपा के बीच मौजूदा साझेदारी में विभागों का बंटवारा एक महत्वपूर्ण संकेत के रूप में देखा जा रहा है। अब निगाहें इस बात पर होंगी कि सम्राट चौधरी गृह मंत्री के रूप में कैसा प्रदर्शन करते हैं और क्या वे अपराध नियंत्रण, महिलाओं की सुरक्षा, पुलिस सुधार और नक्सल प्रभावित इलाकों में शांति स्थापित करने की दिशा में ठोस कदम उठाते हैं।

हवाईअड्डे पर हुआ रेड कार्पेट वेलकम, भारत मजबूती से उठाएगा ग्लोबल साउथ के मुद्दे

# जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए जोहान्सबर्ग पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका के 50 फीसदी टैरिफ और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जारी सैन्य संघर्षों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए दक्षिण-अफ्रीका के जोहान्सबर्ग पहुंच गए हैं। जहां हवाईअड्डे पर अफ्रीकी सैन्यबलों की मौजूदगी में उनका जोरदार अंदाज में रेड कार्पेट वेलकम हुआ।

एक्स पर पोस्ट में यह जानकारी साझा करते हुए पीएम ने बताया कि जी-20 सम्मेलन से जुड़े हुए कार्यक्रमों में शिरकत करने के लिए जोहान्सबर्ग पहुंच गया हूं। प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर दुनियाभर के नेताओं के साथ उपयोगी चर्चा होने की संभावना है। हमारे देश का ध्यान सहयोग को मजबूत करने, विकास प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने और सभी के लिए बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने पर रहेगा। वहीं, विदेश मंत्रालय ने दक्षिण-अफ्रीका पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी की ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीस के साथ द्विपक्षीय बैठक होने की पुष्टि की है। जल्द ही बाकी बैठकों के बारे में भी मंत्रालय द्वारा सूचित किया ⏩ शेष पेज 5 पर

**ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीस के साथ हुई पीएम मोदी की द्विपक्षीय बैठक**



## पीएम मोदी की चौथी अफ्रीका यात्रा

यहां बता दें कि पीएम मोदी की दक्षिण अफ्रीका की यह यात्रा कुल तीन दिवसीय (21 से 23 नवंबर तक) होगी। जबकि 24 को वह स्वदेश लौटेंगे। वर्ष 2023 में भारत की मेजबानी में हुए जी-20 शिखर सम्मेलन में अफ्रीकी यूनियन को बतौर सदस्य के रूप में नई दिल्ली की पहल पर समूह में शामिल किया गया था। जिसके बाद ये पहला मौका है जब अफ्रीका महाद्वीप के किसी देश में यह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की दक्षिण अफ्रीका की यह चौथी यात्रा है। इससे पहले वह 2016, 2018 और 2023 में भी इस देश का दौरा कर चुके हैं। विदेश मंत्रालय ने बीते गुरुवार को पीएम की यात्रा के संबंध में जानकारी देने के लिए आयोजित की गई विशेष मीडिया ब्रीफिंग में बताया था कि इस वर्ष जी-20 में होने वाले तीन सत्रों में पीएम का संबोधन हो सकता है। भारत का ध्यान 2023 में देश में आयोजित किए गए शिखर सम्मेलन के निष्कर्षों से जुड़े दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के अलावा ग्लोबल साउथ के देशों के मसलों को जोरशोर से उठाने पर केंद्रित रहेगा। जबकि आर्थिक स्थिरता, सतत विकास लक्ष्य और आतंकवाद का मुद्दा भी पीएम मोदी की वार्ताओं और सत्रों से जुड़े संबोधन का हिस्सा बन सकता है।

## प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर होगी चर्चा

प्रधानमंत्री ने अपनी इस यात्रा पर रवाना होने से पहले दिए अपने वक्तव्य में कहा कि राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा के निमंत्रण 21 से 23 नवंबर तक दक्षिण अफ्रीका की यात्रा पर रवाना हो रहा हूं। यह सम्मेलन विशेष रूप से महत्वपूर्ण होगा। क्योंकि ये अफ्रीका में आयोजित किया जाने वाला जी-20 का पहला शिखर सम्मेलन है। 2023 में भारत की समूह की अध्यक्षता के दौरान अफ्रीकी संघ इसका सदस्य बना था। पीएम के मुताबिक, यह शिखर सम्मेलन कई महत्वपूर्ण वैश्विक मामलों पर चर्चा करने का एक अवसर प्रदान करेगा। इस वर्ष जी-20 की थीम (विषय) एकजुटता, समानता और स्थिरता है। जिसके जरिए दक्षिण अफ्रीका ने नई दिल्ली और ब्राजील में आयोजित हुए पिछले शिखर सम्मेलनों के परिणामों को आगे बढ़ाया है। मैं इस ⏩ शेष पेज 5 पर

नागपुर में केंद्रीय मंत्री चौहान और नितिन गडकरी ने किया एग्रो विजन का उद्घाटन

# संतरे की उत्पादकता बढ़ाने नागपुर में शुरू होगा क्लीन प्लांट सेंटरः शिवराज

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को नागपुर में एग्रो विजन का उद्घाटन किया।

इस मौके पर शिवराज सिंह ने संतरा उत्पादकता बढ़ाने के लिए क्लीन प्लांट की जरूरत रेखांकित करते हुए नागपुर में 70 करोड़ रुपये से क्लीन प्लांट सेंटर प्रारंभ करने की घोषणा की। कार्यक्रम में महाराष्ट्र के मंत्रियों व क्षेत्रीय विधायकों के साथ ही बड़ी संख्या में किसान, कृषि विशेषज्ञ, कुलपतिगण, शोध संस्थान प्रतिनिधि, उद्यमी भी शामिल हुए।



कार्यक्रम में, फीड उपलब्धता को समर्थन देने के लिए राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड द्वारा नागपुर में 2027 से प्रारंभ किए जाने वाले 65 करोड़ रु. की लागत के प्लांट का शिलान्यास केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह व गड़करी ने बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. मिनेश शाह की उपस्थिति में किया। एग्रो विजन के दौरान विभिन्न कृषि उत्पादों, उपकरणों, तकनीकी नवाचारों की प्रदर्शनी ⏩ शेष पेज 5 पर

हादसे को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर पोस्ट में जताया दुख, वायुसेना ने दिए जांच के आदेश

# दुबई एयर शो में दुर्घटनाग्रस्त हुआ तेजस लड़ाकू विमान, पायलट की हुई मौत



दुर्घटनाग्रस्त तेजस लड़ाकू विमान

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

दुबई में चल रहे पांच दिवसीय (17 से 21 नवंबर तक) इंटरनेशनल एयर शो के अंतिम दिन शुक्रवार को भारत के लिए एक अत्यंत दुखद खबर सामने आई है। जिसमें दोपहर करीब 2 बजकर 10 मिनट पर भारत का एक स्वदेशी हल्का लड़ाकू विमान (एलसीए) तेजस मार्क-1 दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। जिसमें सवार पायलट विंग कमांडर नमांश स्याल की मृत्यु हो गई है। मूलरूप से वह हिमाचल- ⏩ शेष पेज 5 पर



विंग कमांडर नमांश स्याल

- *हिमाचल-प्रदेश के कांगड़ा जिले के रहने वाले थे पायलट नमांश स्याल, सीएम सुक्खू ने एक्स पोस्ट में शोकाकुल परिवार के प्रति प्रकट की संवेदनाएं*
- *17 से 21 नवंबर तक दुबई के अल मकतूम अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर हो रहा था एयरशो*
- *इस वर्ष एयरशो में भारत की तरफ से शामिल हुए थे 3 तेजस विमान*

## इस वर्ष एयरशो में शामिल हुए थे 3 तेजस


यह एयरशो एक द्विवार्षिक कार्यक्रम है। जिसमें इस साल 2025 में भाग लेने के लिए वायुसेना के कुल 3 तेजस लड़ाकू विमान और अपने हवाई करतब के लिए दुनियाभर में मशहूर वायुसेना की 9 सूर्यकिरण विमानों की एक टीम खाड़ी देश की यात्रा पर थी। तेजस भारत का ⏩ शेष पेज 5 पर

## घटनास्थल पर पहुंची भारत की टीम

सूत्रों ने बताया कि घटना के सामने आने के बाद भारतीय अधिकारियों की एक टीम तुरंत घटनास्थल (अल मकतूम अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे) पर पहुंच गई थी। जिसमें भारत के संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में तैनात रक्षा अताशे (डीए) और कुछ अन्य अधिकारी शामिल हुए। वहीं, दुबई मीडिया ऑफिस ने भी अपनी एक्स पोस्ट में इस घटना के बारे में बताते हुए कहा, 'एयरशो में हवाई प्रदर्शन में भाग ले रहा भारत का एक तेजस लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसमें पायलट की दुखद मृत्यु हो गई है। अग्निशमन और आपातकालीन टीमों ने घटना पर तुरंत प्रतिक्रिया दी और वर्तमान में वह मौके पर हालात को नियंत्रित कर रही हैं'।

## पहले भी दुबई एयर शो का हिस्सा रहा है तेजस

यह पहला मौका नहीं है जब तेजस ने दुबई एयरशो में भाग लिया है। इसके पहले हुए एयरशो के दो आयोजनों यानी वर्ष 2023 और उससे पहले 2021 में भी भारत के इस स्वदेशी लड़ाकू विमान ने खाड़ी देश के आसमान को अपनी प्रचंड हवाई गर्जना और बेहद आकर्षक कलाबाजियों से गुंजायमान कर दिया था। जिससे नीचे दर्शक दीर्घा में बैठे लोग दांतों तले उंगलियां दबाने को मजबूर हो गए थे।



# मैक्सिकन मॉडल फातिमा बॉश मिस यूनिवर्स 2025 की विजेता बनी



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मिस यूनिवर्स 2025 के ताज पर मैक्सिको की मॉडल मिस मैक्सिको फातिमा बॉश की दावेदारी रही। टॉप 5 में जगह बनाने के बाद विजेता के रूप में फातिमा के नाम का ऐलान हुआ।

मंच पर जब उन्हें ताज पहनाया गया तो वे भावुक हो गईं। मानो यह जीत उनकी वर्षों की मेहनत, महीनों के धैर्य और डेडिकेशन का फल था। फिनाले से पहले इस महीने की शुरुआत में फातिमा को लेकर विवाद हुआ था। उन्हें कथित तौर पर भरे मंच से बेवकूफ कहा गया। इसका फातिमा ने विरोध जताया। इस बार इस सौंदर्य प्रतियोगिता का आयोजन थाईलैंड में हुआ। उन्हें मिस थाइलैंड के निदेशक नवात इत्साराग्रिसिल के तीखे शब्दों का सामना करना पड़ा। कथित तौर पर निदेशक ने थाइलैंड से संबंधित प्रमोशनल कंटेंट न साझा ⏩ शेष पेज 5 पर




खबर संक्षेप

## पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 84 वांछित आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** पुलिस महानिदेशक ओ.पी. सिंह के निर्देश पर 5 से 20 नवंबर तक हरियाणा पुलिस द्वारा चलाए गए ऑपरेशन ट्रैकडाउन के अंतर्गत फरीदाबाद पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। अभियान के दौरान पुलिस ने विभिन्न मामलों में वांछित 84 आरोपिशें को गिरफ्तार किया, जबकि अन्य आपराधिक मामलों में 320 आरोपियों को भी पकड़ने में कामयाबी हासिल की। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पिछले 15 दिनों की कार्रवाई में पुलिस ने 36 आरोपियों की हिस्ट्री शीट, पर्सनल फाइल तैयार की और भारी मात्रा में अवैध हथियार व नशीला पदार्थ बरामद किया गया। बरामदगी में 16 देसी कट्टे, 14 कारतूस, 2 पिस्टल, 1 चाकू, 14.89 ग्राम हेरोइन, स्मैक और लगभग 7 किलोग्राम गांजा शामिल है। पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता ने कहा कि यह अभियान कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराधियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे।

## नागरिकों ने आयुक्त से भेंटकर दिया धन्यवाद



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद के विभिन्न इलाकों के गणमान्य नागरिकों ने आज पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता से उनके कार्यालय में भेंट की और फरीदाबाद पुलिस की बड़ी सफलता पर आभार व्यक्त किया। फरीदाबाद पुलिस ने जम्मू कश्मीर पुलिस के साथ मिलकर एक संयुक्त ऑपरेशन में आतंकवादी मॉड्यूल का पर्दाफाश कर देश को एक बहुत बड़ी आतंकी घटना से बचाया है, जिसके लिए नागरिकों ने पुलिस का धन्यवाद किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि फतेहपुर तगा, धौज, कुरेशीपुर, लक्कड़पुर और डबुआ कॉलोनी के प्रतिनिधियों सहित चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के पदाधिकारियों ने पुलिस आयुक्त से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद पुलिस की इस कार्रवाई ने न केवल फरीदाबाद बल्कि पूरे देश को सुरक्षित किया है। हम फरीदाबाद पुलिस के इस प्रयास की सराहना करते हैं और उनका आभार व्यक्त करते हैं। इस अवसर पर पूर्व सरपंच सत्यप्रकाश त्यागी, महेंद्र त्यागी, ब्रह्म प्रकाश, रोहित, डॉ. राजवीर, जसवंत वकील, बलराम, तैयब हुसैन, दक्षिण शर्मा, दिलीप तिवारी आदि।

# बढ़ते वायु प्रदूषण की रोकथाम और गुणवत्ता सुधार के लिए किया मंथन

### आवास विकास तथा निगम अधिकारियों के साथ नगर आयुक्त ने की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने शहर में वायु गुणवत्ता सुधार के लिए शुक्रवार को आवास विकास व निगम अधिकारियों के साथ बैठक कर मंथन किया। बैठक के बाद नगर आयुक्त ने बताया कि निगम सीमा से बाहर है वहां भी अभियान के रूप में कार्य प्रारंभ करने के लिए संबंधित विभागों से भी लगातार चर्चा की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को आवास विकास तथा निगम अधिकारियों को एक साथ बुलाकर बैठक की जिसमें सिद्धार्थ विहार सिकंदरपुर व अन्य आवास विकास क्षेत्र में वॉटर स्प्रिंकलर, एंटी स्मोक गण चलाने तथा क्षेत्र को धूल मुक्त बनाने के कार्य योजना बनाने के लिए निर्देशित किया गया।

**खास बातें**

- अभियान के रूप में कार्य प्रारंभ करने के लिए संबंधित विभागों से भी चर्चा करें
- एप्लीकेशन 311 से भी जुड़ने के लिए सुझाव दिए गए
- क्षेत्र को धूल मुक्त बनाने की योजना के दिए निर्देश



चर्चा कर आगामी योजनाओं को बनाने के निर्देश दिए नगर आयुक्त ने वायु गुणवत्ता सुधार के साथ-साथ शहर हित में पांच प्रमुख बिंदुओं पर भी आवास विकास अधिकारियों से चर्चा की तथा आगामी योजनाओं को बनाने के लिए निर्देश भी दिए गए। जिसमें सिद्धार्थ विहार से निकलने वाले कचरे के निस्तारण की कार्यवाही करने हेतु चर्चा की गई, अजंता पुरम तथा सिकंदरपुर सहित अन्य आवास विकास क्षेत्र की सड़कों को गड्ढा मुक्त करने तथा सीएंडडी वेस्ट मुक्त करने के लिए अभियान चलाने के लिए चर्चा की गई, आवास विकास क्षेत्र में एमआरएफ सेंटर तथा गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन बनाने के लिए भी कहा गया, आवास विकास की योजनाओं में सीवर लाइन तथा एसटीपी की भी योजना निगम के साथ साझा करने के लिए कहा गया, जनहित में बेहतर कार्य करने के लिए आवास विकास को गाजियाबाद नगर निगम के एप्लीकेशन 311 से भी जुड़ने के लिए सुझाव दिए गए।

बैठक में आवास विकास से अनिल कुमार सिंह उप आवास आयुक्त मेरठ जोन, अधिशासी अभियंता निर्माण विकास गौतम, अधिशासी अभियंता निर्माण हवलदार राम, अधिशासी अभियंता निर्माण निखिल महेश्वरी उपस्थित रहे, गाजियाबाद नगर निगम से अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, जलकल विभाग से आश कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश उपस्थित रहे।

### तिगांव अनाज मंडी के नवनियुक्त पदाधिकारियों को मंत्री राजेश नागर ने दिलाई शपथ

# प्रदेश को विकास के पथ पर ले जा रहे मुख्यमंत्री सैनी: राजेश नागर

### मंत्री नागर के निर्देशन में बेहतर कार्य करने का वादा किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

अनाज मंडी का 3 साल से खाली पड़ा चेयरमैन का पद भर गया है। नवनियुक्त चेयरमैन को मंत्री राजेश नागर ने आज शपथ दिलाई। उनके साथ वाइस चेयरमैन श्रीपाल को भी शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर मंत्री राजेश नागर ने कहा कि वह अनाज मंडियों को और बेहतर करने पर काम कर रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि नई टीम इसमें उनका सहयोग करेगी। स्थानीय नागरिकों की मांग पर उन्होंने अनाज मंडी के शेड को सामाजिक कार्यक्रमों के लिए नॉमिनल चार्ज पर दिए जाने की सहमति दी। स्थानीय लोगों ने उनसे ब्याह शादी के लिए किराया बहुत ज्यादा होने की बात कही थी, जिस पर मंत्री ने यह संस्तुति की है।



मंत्री राजेश नागर ने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी निरंतर प्रदेश को विकास के पथ पर ले जा रहे हैं, जिसमें हम सभी मिलकर उनका सहयोग कर रहे हैं। हरियाणा की जनता का भी भारी सहयोग है कि उन्होंने विकास के पहिए को निरंतर चलाए रखने के लिए तीसरी बार भाजपा की सरकार को चुना है। उन्होंने स्थानीय लोगों द्वारा क्षेत्र में विश्राम गृह बनाए जाने की मांग को भी आगे बढ़ाए जाने की बात कही।

इस अवसर पर तिगांव अनाज मंडी के नवनियुक्त चेयरमेन राजेश्वर कोराली और वाइस चेयरमैन श्रीपाल ने मंत्री राजेश नागर के निर्देशन में बेहतर कार्य करने का वादा किया। उन्होंने कहा कि जो जिम्मेदारी होना सौंप गई है उसे पूरी ईमानदारी के साथ निभाएंगे। इस अवसर पर मोहना के चेयरमैन संदीप टोंगर, तिगांव सरपंच वेद प्रकाश, तिगांव सरपंच विक्रम प्रताप, अरूआ सरपंच सुभाष, सरपंच बृजभान, देवी राम कोराली, अजीत सिंह कोराली, नेपाल भाटी कोराली, विरम नंबरदार कोराली, देवराज गोयल, जगबीर अधाना, दयाराम अधाना, वेदपाल, विनोद, राजेश सरपंच कटेसरा, राजेंद्र नागर, कमल, चंदर, वीरपाल, अमन नागर, अजयपाल, अशोक सरपंच आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# लोगों की समस्याओं को गंभीरता से दूर करें अधिकारी: राव नरबीर

### विभिन्न विषयों से जुड़े परिवादों पर विस्तार से चर्चा की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण सम्मेलन केन्द्र, सेक्टर-12 फरीदाबाद में आज जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता हरियाणा सरकार में उद्योग एवं वाणिज्य, पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव, विदेशी सहकारिता, सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण मंत्री राव नरबीर सिंह ने की। बैठक में मंत्री राव के समक्ष विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 20 परिवाद प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 15 नए और 5 पुराने परिवादों पर सुनवाई की गई। जिसमें 18 परिवादों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया और 2 मामलों को अगली मीटिंग तक के लिए रखा गया। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुस्त की गई।

बैठक में मंत्री ने स्पष्ट कहा कि सरकार नागरिकों को पारदर्शी, जवाबदेह और संवेदनशील प्रशासन देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी परिवादों का समयबद्ध एवं प्राथमिकता के आधार पर निपटान सुनिश्चित किया जाए और समाधान इस प्रकार हो कि परिवादी को पूरी संतुष्टि मिले।



बैठक में विभिन्न विषयों से जुड़े परिवादों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्लॉट के बदले धोखाधड़ी के एक मामले में पुलिस विभाग को निर्देश दिए गए कि मुख्य आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए साथ ही निकट भविष्य में धोखाधड़ी से सम्बंधित मामलों में कड़ी से कड़ी कार्यवाई की जाए। संजय कॉलोनी के निवासियों ने शिकायत पर परिवाद समिति की बैठक में यह आश्वासन दिया गया था कि जब तक पाइपलाइन से मीठे पानी की सप्लाई बहाल नहीं होती, तब तक टैंकरों से मीठा पानी ज्यादा मात्रा में उपलब्ध कराया जाए और साथ ही पानी की लाइन डालने के कार्य की जल्द से जल्द शुरू करवाने के निर्देश नगर निगम को दिए। वही डिलीवरी के ऑपरेशन के दौरान सरकारी अस्पताल की लापरवाही से जुड़ी एक शिकायत पर मंत्री ने निर्देश दिए कि यदि मेडिकल नेग्लिजेंस बोर्ड की रिपोर्ट आने के बाद उचित कार्यवाई करके परिवादी को न्यायपूर्ण समाधान उपलब्ध कराया जाए। बल्लभगढ़ से गांव छायंसा तक प्रस्तावित पक्की सड़क निर्माण के मुद्दे पर उन्होंने निर्देश दिए कि सड़क पर गड्ढे न हो। साथ ही फरीदाबाद से खेड़ी कला सड़क पर साफ-सफाई और पर स्ट्रीट लाइट लगवाने के नगर निगम मेयर के निर्देश दिए। गांव लढौली निवासी की शिकायत पर सड़क से मलबा हटाकर सड़क खुलवाने और फिरनी को ठीक करने के आदेश दिए और साथ ही निर्देश दिए की अगर जोहड़ों पर किसी प्रकार का अतिक्रमण होता है तो उसको जल्द से जल्द हटाया जाए।
मारपीट के मामले की सुनवाई करते हुए मंत्री ने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि गांव राजपुर कला में पीसीआर द्वारा निगरानी की जाए और आपराधिक तत्वों के खिलाफ कार्यवाही की जाए। वहीं आदर्श कॉलोनी इन्कलेव में गंदे पेयजल आपूर्ति से जुड़ी शिकायत पर उन्होंने नगर निगम को निर्देशित किया कि पेयजल की जांच करवाई जाए। इस अवसर पर बैठक में बड़खल विधायक धनेश अदलक्खा, महापौर प्रवीण जोशी, फरीदाबाद भाजपा जिलाध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल, बल्लभगढ़ भाजपा जिलाध्यक्ष सोहन पाल सिंह आदि।

### रिश्वत देने वाला भी गिरफ्तार

## गाजियाबाद क्राइम ब्रांच का इंस्पेक्टर ड्रग माफिया से चार लाख की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद

गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट की क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर रमेश सिंह सिंधु को चार लाख रुपए रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया। सिंधु राजधानी दिल्ली से सटे यूपी के गाजियाबाद में पुलिस ने पिछले दिनों करीब साढ़े तीन करोड़ रुपए की अवैध कोडीन युक्त कफ सिरप की तस्करी के मामले में रिश्वत ले रहे थे। रिश्वत देने वाले तस्कर राहुल कुमार को भी पुलिस ने दबोच लिया।

गाजियाबाद पुलिस ने पिछले दिनों करीब साढ़े तीन करोड रुपए की अवैध कोडीन युक्त कफ सिरप की तस्करी का खुलासा किया था। इंस्पेक्टर पर यह कार्रवाई खुद पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गौड के निर्देश पर हुई।

पिछली तीन नवंबर को मेरठ रोड औद्योगिक इलाके में क्राइम ब्रांच ने भारी मात्रा में नशीली कफ सिरप की खेप पकड़ी थी। इस केस में गिरफ्तार मुख्य आरोपी की जमा नत के लिए जमानती संतोष सिंह सामने आए थे। जांच में खुलासा हुआ कि इंस्पेक्टर सिंधु ने जमानत सत्यापन रिपोर्ट को साफ-सुथरा दिखाने और जमानती को किसी भी कानूनी पचड़े में ना फंसने देने की एवज में चार लाख रुपए रिश्वत की मांग की थी।

शिकायत मिलते ही एडीसीपी क्राइम पीयूष कुमार सिंह ने इंस्पेक्टर को रंगे हाथों पकड़ने की पूरी रणनीति तैयार की। गुरुवार की रात करीब 11 बजे क्राइम ब्रांच ऑफिस के अंदर ही ट्रैप टीम ने छापा मारा। इंस्पेक्टर की सर्विस कार की तलाशी ली गई तो डिक्की में छिपाकर रखे गए चार लाख रुपए के बंडल मिले। इसके बाद मौके पर ही सिंधु को हिरासत में ले लिया गया। डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने बताया कि इंस्पेक्टर रमेश सिंह सिंधु के खिलाफ सिहानी गेट थाने में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। साथ ही विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है।

### पूछताछ में बड़े खुलासे की संभावना

पूछताछ में और भी बड़े खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है। पीयूष कुमार सिंह ने बताया कि इंस्पेक्टर रमेश सिंह सिंधु की तैनाती लंबे समय से क्राइम ब्रांच में थी। इससे पहले वह गाजियाबाद के नंदग्राम थाने में नियुक्त थे। करीब ढाई-तीन साल पहले उनका ट्रांसफर क्राइम ब्रांच में कर दिया गया और इसके बाद से ही वह इसी विभाग में नियुक्त थे।

पुलिस ने मामला दर्जकर जांच शुरू की

## विदेश भेजने के नाम पर मानव तस्करी कराने वाले दो साइबर फ्रॉड गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

विदेश भेजने के नाम पर मानव तस्करी कर पीड़ित युवकों से साइबर फ्रॉड कराने का मामला सामने आया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी विदेश में नौकरी करने की चाह रखने वालों को पहले थाईलैंड भेजते। वहां से अवैध रूप से उन्हें दूसरे देशों में भेजकर चीन नागरिकों द्वारा संचालित अवैध कॉल सेंटर के जरिए यूएस नागरिकों को ठगने के कार्य में लगाया जाता था। म्यांमार और थाईलैंड पुलिस के माध्यम से गुरुग्राम पुलिस ने दो आरोपियों को भारत डिपोर्ट कराया और उन्हें एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी अब तक हरियाणा और राजस्थान के 10 लोगों को अपने झांसे में ले चुके हैं। साइबर क्राइम साउथ पुलिस को दी शिकायत में एक युवक ने बताया कि उसकी मुलाकात सोनू नामक युवक से हुई थी। जिसमें सोनू ने कहा कि उसका भाई थाईलैंड में नौकरी दिलाने का काम करता है। युवक ने थाईलैंड भेजने के नाम पर सोनू को टिकट के 50 हजार रुपए दे दिए। सोनू ने उसे 23 मार्च को जयपुर से थाईलैंड की टिकट दी। थाईलैंड पहुंचने पर उसे सोनू का भाई जितेन्द्र मिला। जिसने उससे 1000 थाई करेंसी ले ली और उसे गाड़ी में बैठाकर अवैध तरीके से म्यांमार बॉर्डर ले गया। जहां पर उसको डाटा ऑपरेटर की जॉब दिलाई। यह यूएस के लोगों का डेटा अवैध तरीके से जुटाने का काम करने लगा। जब उसने सोनू को बताया कि यह तो अवैध तरीका है थाईलैंड के नाम पर उसे म्यांमार क्यों भेज दिया।

पत्रकारिता के पवित्र पेशे में नहीं हो सकता तथ्यों से खिलवाड़: अखिलेश शर्मा

# एआई मानवीय रचनात्मकता और गहन सोच का विकल्प नहीं: राजीव जेटली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए फरीदाबाद के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग ने मीडिया पोर्टफोलियो प्रदर्शनी-2025 का भव्य आयोजन किया। इस कार्यक्रम में पत्रकारिता एवं जनसंचार कार्यक्रम के अंतिम वर्ष के स्नातक और स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने अपने अध्ययन के दौरान की रचनात्मक एवं प्रयोगात्मक गतिविधियों को डॉक्यूमेंटेशन, ऑडियो और वीडियो के रूप में प्रदर्शित किया। जो सभी छात्रों की नवोन्मेषी भावना और तकनीकी दक्षता को उजागर करते दिखी।



### दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया

शाकुंतलम सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एनडीटीवी के प्रबंध संपादक अखिलेश शर्मा और विशिष्ट अतिथि हरियाणा मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार एवं भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी राजीव जेटली ने दीप प्रज्वलित कर प्रदर्शनी का विधिवत उद्घाटन किया। एनडीटीवी के प्रबंधक संपादक अखिलेश शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि पत्रकारिता एक पवित्र पेशा है, जिसमें तथ्यों के साथ कोई खिलवाड़ नहीं किया जा सकता। एआई आज भले ही एक क्रांति लग रहा हो, लेकिन जल्द ही यह सिर्फ एक अन्य साधारण टूल बनकर रह जाएगा। उन्होंने निरंतर सीखने पर जोर दिया और कहा किए विद्यार्थियों को नई तकनीकों पर आधारित कार्यशालाओं में नियमित रूप से भाग लेकर समय के साथ स्वयं को अपडेट करते रहना चाहिए।

### सिकंदरपुर के सरकारी स्कूल में विकास कार्यों का मेयर ने किया शिलान्यास

# सांसद निधि कोष से 40 लाख रुपए की लागत से होंगे कार्य

### बैडमिंटन कोर्ट के निर्माण से बच्चों में खेल भावना का विकास होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

मानेसर नगर निगम की मेयर डॉ इंद्रजीत कौर यादव ने निगम के गांव सिकंदरपुर के सरकारी स्कूल में सांसद निधि कोष से बनने वाले दो कमरे, बैडमिंटन कोर्ट और स्कूल प्रांगण में टाइल्स लगाने के काम का शिलान्यास किया।

इस अवसर पर मेयर डॉ इंद्रजीत कौर यादव ने गुरुग्राम के सांसद और केंद्रीय कैबिनेट मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) राव इंद्रजीत सिंह का आभार जताते हुए कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। जनहित के काम उनकी सूची में प्राथमिकता पर रहते है।



उनकी सोच यह सुनिश्चित करना है कि ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थी भी उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण में पढ़ाई करें। मेयर ने कहा कि शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है। सांसद निधि कोष से प्राप्त धन का उपयोग पूरी पारदर्शिता से किया जाएगा। स्कूल के नए कमरे बनने से कक्षाओं में भीड़ कम होगी और शिक्षकों को पढ़ाई के लिए बेहतर माहौल मिलेगा। बैडमिंटन कोर्ट के निर्माण से बच्चों में खेल भावना का विकास होगा। बच्चें शारीरिक रूप से भी स्वस्थ रहेंगे। स्कूल परिसर में टाइल्स लगाने से स्कूल का वातावरण स्वच्छ और आकर्षक बनेगा। इस मौके पर पार्षद रवि यादव और स्कूल की प्रधानाचार्य ने मेयर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस परियोजना से स्कूल के विद्यार्थियों को बहुआयामी लाभ होगा। वर्तमान में स्कूल में विद्यार्थियों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। जिससे अतिरिक्त कक्षाओं की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। नए कमरों के निर्माण से शैक्षणिक व्यवस्था बेहतर होगी।

## वैज्ञानिकों की चेतावनी: अत्यधिक दोहन से भारत का भूमिगत जल स्तर तेजी से घट रहा, बढ़ रहा है संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

भारत के जलाशय अपनी पुनप्राप्ति से तेजी से घट रहे हैं, जिसमें अतिअन्वेषण, प्रदूषण और जलवायु-प्रेरित वर्षा पैटर्न संकट को बढ़ा रहे हैं।

देश का एक-तिहाई हिस्सा पहले से ही अत्यधिक दोहन या संवेदनशील क्षेत्र में है, जिससे भूमिगत जल सुरक्षा राष्ट्रीय महत्व का मामला बन गई है।

इसी संदर्भ में प्रमुख वैज्ञानिक, शिक्षाविद, नीति निर्माता और तकनीकी विशेषज्ञ मानव रचना

### मानव रचना वॉटर समिट



इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज़ में वॉटर समिट 2025 के लिए एकत्र हुए दो दिवसीय सम्मेलन जिसमें देश के भूमिगत जल संसाधनों की सुरक्षा के लिए नवीनतम नवाचार और वैज्ञानिक रणनीतियों पर चर्चा की गई। यह विचार-विमर्श सतत भूमिगत जल प्रबंधन और सामाजिक एवं पारिस्थितिक उपयोगों पर केंद्रित था और इसे केंद्रीय भूमिगत जल बोर्ड के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें वैज्ञानिक अनुसंधान को नीति कार्यों के साथ जोड़ने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया गया। डॉ. दीपंकर साहा चेयर प्रोफेसर ने कहा कि भारत की भूमिगत जल समुदाय अब अलग-अलग अध्ययनों से सिस्टम-स्तरीय सोच की ओर बढ़ रही है।

## रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित डूसिब बोर्ड की बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

# झुग्गीवासियों को जल्द आवंटित होंगे सावदा घेवरा में स्थित दो हजार 416 फ्लैट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार सावदा घेवरा क्षेत्र में स्थित 2 हजार 416 तैयार फ्लैटों की मरम्मत कर जल्द झुग्गीवासियों को आवंटित करेगी। इस निर्णय समेत कई और महत्वपूर्ण निर्णय शुक्रवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डूसिब) की 34वीं बोर्ड बैठक में लिए गए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार राजधानी के गरीबों के आर्थिक व सामाजिक उत्थान को लेकर कृतसंकल्प है। उनके हितों के लिए लाई गई योजनाओं में बजट की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। दिल्ली सचिवालय में आयोजित बोर्ड की इस बैठक में दिल्ली सरकार के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद, बोर्ड के सभी सदस्य तथा संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक का प्रमुख निर्णय सावदा घेवरा क्षेत्र में स्थित 2,416 तैयार फ्लैटों की मरम्मत कर उन्हें जल्द आवंटित करने से संबंधित था। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 15 जनवरी तक सभी फ्लैटों की मरम्मत पूरी कर ली जाए और आवंटन तभी किया जाएगा जब वहां पानी, बिजली, स्वच्छता और अन्य सभी आवश्यक सुविधाएं पूर्ण रूप से उपलब्ध हों। बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि दिल्ली की सभी डूसिब कॉलोनियों में आवश्यक सुविधाओं का विकास अनिवार्य रूप से किया जाए। इनमें कमर्शियल यूनिट्स (दैनिक आवश्यकताओं की दुकानें एवं सब्ज़ी मार्केट), कम्युनिटी हॉल, आरोग्य मंदिर, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम, समुचित जल आपूर्ति व्यवस्था, तथा पार्क, सड़कों, बिजली और सीवर लाइन जैसी आधारभूत सुविधाएं शामिल हों।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हर कॉलोनी में नागरिकों को सुरक्षित और संपूर्ण बुनियादी सुविधाएं प्राप्त हों।

### डूसिब का 124 स्थानों पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित करने का प्रस्ताव मंजूर

बैठक में बोर्ड ने डूसिब की 124 स्थानों पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी। मुख्यमंत्री ने इसे झुग्गी बस्तियों में रहने वाले लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। बैठक में विभिन्न क्षेत्रों में फ्लैटों की मरम्मत परियोजनाओं को भी स्वीकृति प्रदान की गई। सुल्तानपुरी में फ्लैटों की मरम्मत, द्वारका में फ्लैटों के नवीनीकरण तथा भलस्वा में फ्लैटों की मरम्मत के लिए भी मंजूरी दी गई। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इन सभी क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का कार्य तेजी से पूरा किया जाए, ताकि फ्लैटों का आवंटन शीघ्र शुरू किया जा सके।

## कांग्रेस ने किया प्रचार वाहन रवाना आप-भाजपा की गिनाएंगे कमियां



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आगामी निगम वार्डों के उपचुनाव को लेकर प्रदेश कांग्रेस ने प्रचार के लिए डिजिटल प्रचार वाहन को प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एलईडी वैन रवाना करते समय अध्यक्ष यादव के अलावा अन्य मौजूद थे।

इस अवसर पर बोलते हुए यादव ने कहा कि 30 नवम्बर को होने वाले दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के 12 वार्डों के उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी आम आदमी पार्टी और भाजपा द्वारा झूठे वादों के साथ दिल्लीवासियों के साथ किए गए विश्वासघात को उजागर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी मतदाताओं से बदलाव नहीं बदले का मौका लेने के लिए हाथ का निशान दबाकर वोट देने की अपील कर रहे है। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों से गरीब लोग अपने राशन कार्ड का इंतजार कर रहे थे, लेकिन अभी तक बने नहीं है। जबकि कांग्रेस सरकार ने 15 वर्षों में जन कल्याणकारी योजनाओं को लागू की थी उनका बुरा हाल हो चुका है। पिछले कुछ वर्षों से जरूरतमंद की वृद्धावस्था, दिव्यांग व विधवा पेंशन का वितरण तक रुका हुआ है। यादव ने कहा कि ट्रिपल इंजन वाली भाजपा सरकार कांग्रेस सरकार द्वारा किए गए बड़े पैमाने पर विकास को दोहराने में असमर्थ दिखाई पड़ रही है, जनता को भ्रमित करने के लिए सिर्फ खोखली बयानबाजी कर रही है। उन्होंने कहा कि 12 वार्डों में लोग कांग्रेस उम्मीदवारों को वोट देने का मन बना चुके है। अगर ऐसा होता है तो भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार को अपने चुनावी वादों को पूरा करने के लिए हार का एक सबक मिलेगा।

## पूर्व मंत्री आसिम अहमद खान कांग्रेस छोड़ 'आप' में शामिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के 12 वार्डों में होने वाले उपचुनाव के प्रचार के बीच शुक्रवार को पूर्व मंत्री और मटिया महल विधानसभा से विधायक रहे आसिम अहमद खान कांग्रेस को छोड़कर आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल हो गए हैं। पार्टी मुख्यालय पर दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने आसिम अहमद खान को पटका और टोपी पहना कर आप परिवार में शामिल किया। आसिम अहमद खान के शामिल होने से मटिया महल विधानसभा में आप न सिर्फ मजबूत हुई है, बल्कि चांदनी महल वार्ड उपचुनाव में आप उम्मीदवार की जीत भी पक्की हो गई है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री व विधायक इमरान हुसैन, विधायक संजीव झा समेत अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

## झलकारी बाई जैसी वीरांगनाओं के कारण ही आज भारत स्वतंत्र हवा में ले रहा है सांस : रेखा

नई दिल्ली। झलकारी बाई जैसी वीरांगनाओं के कारण ही आज भारत स्वतंत्र हवा में सांस ले रहा है। यह बात शुक्रवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने वीरांगना झलकारी बाई कोली की जयंती के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। गौरतलब है कि दिल्ली सचिवालय में शुक्रवार को वीरांगना झलकारी बाई कोली की जयंती के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने वीरांगना झलकारी बाई कोली को पुष्पांजलि दी और 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को नमन किया। इस कार्यक्रम में एससी/एसटी/ओबीसी कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह और देश भर से आए अखिल भारतीय कोली-कोरी-शंखवार समाज के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि दिल्ली सरकार ने हाल ही में पहली बार 'प्रख्यात हस्तियों की जयंती व पुण्यतिथि मनाने की योजना' में वीरांगना झलकारी बाई कोली का नाम भी शामिल किया है। इस पर अखिल भारतीय कोली-कोरी-शंखवार समाज ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का अभिनन्दन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य केवल एक दिन सम्मान करना नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को उनकी गाथा से परिचित कराना है। वीरांगना झलकारी बाई की स्मृतियां संजोने के लिए उन्होंने कोली-कोरी-शंखवार समाज के प्रतिनिधियों का साधुवाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि झलकारी बाई एक साधारण कोली परिवार में जन्मी थीं, उनके पिता ने उनके हुनर को पहचान कर उन्हें सम्पूर्ण योद्धा बनाया, तलवारबाजी, घुड़सवारी और युद्ध कौशल सिखाया। झलकारी बाई का जीवन कुशलता, साहस और बलिदान का अद्वितीय उदाहरण है। रानी लक्ष्मीबाई ने उनके कौशल को देखा और उन्हें अपनी सेना दुर्गा दल में महत्वपूर्ण स्थान दिया।

## मुख्यमंत्री की अधिकारियों को चेतावनी : दिल्ली की सफाई व्यवस्था में लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) अधिकारियों को चेतावनी दी है कि दिल्ली की स्वच्छता के मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और लापरवाही बरतने वाली अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को दिल्ली सचिवालय में एक उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में दिल्ली सरकार के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद, दिल्ली सरकार के अलावा दिल्ली नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने सफाई-स्वच्छता के मसले पर नगर निगम के कुछ अधिकारियों की लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जताई और चेतावनी दी कि ऐसे अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नगर निगम से आगामी 10-15 दिनों के भीतर सभी आवश्यक मशीनरी, मानव संसाधन और अन्य संसाधनों को सुनिश्चित करने के साथ विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने दिल्ली नगर निगम को शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने दिल्ली भर में लगाए गए सभी कम्पोस्टरों की कार्यशील स्थिति और उनके सटीक स्थानों का विवरण प्रस्तुत करते हुए एक विस्तृत रिपोर्ट तुरंत जमा करने को कहा। उन्होंने डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण प्रणाली को मजबूत करने, इसके व्यापक प्रचार-प्रसार को बढ़ाने तथा नागरिकों को स्त्रोत पर ही कचरा सेग्रीगेशन के लिए प्रेरित करने पर विशेष जोर दिया।

## इंदिरा नेहरू के नाम पर बसी कॉलोनियों में विकास नहीं करने के सीएम रेखा का बयान झूठा यादव

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने सीएम रेखा गुप्ता के उस बयान को झूठा बताया है जिसमें उन्होंने कहा कि इंदिरा, नेहरू, राजीव व संजय गांधी के नाम पर बसाई कॉलोनियों में कांग्रेस ने कोई विकास नहीं किया। यादव ने पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा ने पिछले नौ महीनों में इन झुग्गियों में रहने वालों को उजाड़कर बेघर करने में कोई कमी नहीं छोड़ी। दिल्ली सरकार गरीबों को बेघर करने के लिए झुग्गियों पर बुलडोजर चलाती है। जबकि कांग्रेस ने गरीबों के सिर पर छत देने के लिए प्लाट दिए, फ्लैट बनाकर दिए और पुनर्वास कॉलोनियों को बसाया जिनमें दिल्ली की आधी से अधिक आबादी रहती है। मुख्यमंत्री को कांग्रेस की आलोचना करने से पहले अपने 15 वर्षों के दौरान निगम के भ्रष्टाचार और पिछले 8 महीनों से बेबुनियाद घोषणाओं और चुनावों वादों को पूरा करने पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिल्ली में शीला दीक्षित के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार द्वारा 15 वर्षों में किए विश्व विख्यात विकास कार्यों को कोई नजरअंदाज नही कर सकता। कांग्रेस ने दिल्ली में बढ़ती आबादी के अनुसार कांग्रेस ने समय-समय पर कालोनियों को बसाने और लोगों को सुविधाएं देने के लिए जो काम किया।





## हेलेन का जन्मदिन मनाने एकजुट हुआ खान परिवार

**मुंबई।** सलमान खान के परिवार में एक बार फिर खुशियों का दिन लौट चुका है। उनकी दूसरी मां हेलेन ने शुक्रवार को अपना जन्मदिन मनाया। ऐसे में पूरा खान परिवार एक बार फिर खास दिन को सेलिब्रेट करने के लिए एक साथ आया। हेलेन के जन्मदिन को खास मनाने के लिए कई सितारे पहुंचे। एवरग्रीन एक्ट्रेस रेखा भी हेलेन के इस खान दिन को और खास बनाने के लिए पहुंची हैं। इसके अलावा सलमान की मां सलमा खान को भी यहां देखा गया। अभिनेत्री के जन्मदिन के लिए कई सेलेब्स पार्टी में पहुंचे। लेखक और सलमान खान के पिता सलीम खान भी नजर आए। सलमान खान की मां सलमा खान भी अलग से इस पार्टी में पहुंचीं। सलमा का पार्टी में पहुंचना ये साफ दिखाता है कि उनके और हेलेन के बीच कितना प्यार है।

लाइफ Style

## रकुल
## अजय के साथ दोस्ती का रिश्ता नहीं रख सकती

रकुल प्रीत सिंह हाल ही में अजय देवगन के साथ फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' में नजर आईं। बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म ठीक-ठाक कमाई कर रही है। हाल ही में उन्होंने खुलासा किया है कि वह इंडस्ट्री में नई नहीं हैं, इसके बावजूद उन्हें अजय देवगन के मुकाबले बहुत ही कम अनुभव है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

रकुल प्रीत सिंह ने बताया है कि वह अजय देवगन के साथ दोस्ती का रिश्ता क्यों नहीं रख सकती। बॉलीवुड एक बातचीत में रकुल प्रीत सिंह ने बताया 'मैं उनके साथ दोस्ती का रिश्ता नहीं रख सकती। मेरा उनका रिश्ता सम्मान वाला है। मेरे लिए वह अभी भी अजय देवगन हैं। वह सीनियर अभिनेता हैं और बहुत अच्छे इंसान हैं। मैं अजय देवगन को सम्मान के साथ संबोधित करती हूं।' अजय देवगन के साथ रकुल प्रीत सिंह दोस्त की तरह क्यों नहीं रह सकती, इस पर उन्होंने सफाई देते हुए कहा 'जो आपकी उम्र के या आपसे कम उम्र के एक्टर होते हैं, वह आपके दोस्त बन जाते हैं। अजय देवगन को मैं सर मानती हूं। मैं अपने आपको इंडस्ट्री में नई नहीं मानती, फिर भी मेरा उनसे कम अनुभव है।' अंशुल शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' में रकुल प्रीत और अजय देवगन के अलावा आर माधवन, गौतमी कपूर, जावेद जाफरी, मीजान जाफरी और अर्जुन पांचाल जैसे कलाकार हैं। यह फिल्म सिनेमाघरों में 14 नवंबर को रिलीज हुई थी। इसमें बड़ी उम्र के पुरुष का छोटी उम्र की लड़की के साथ रोमांस दिखाया गया है। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने अब तक 51.10 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है।



हॉलीवुड मसाला



## हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम स्टार से सम्मानित

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के फैंस के दिलों में दिवंगत चैडविक बोसमैन के लिए एक बेहद खास जगह है। पर्दे पर सुपरहीरो 'ब्लैक पैंथर' का रोल निभाने वाले चैडविक को 5 साल पहले 2020 में नासूर कैंसर ने हम सभी से छीन लिया। गुरुवार को चैडविक बोसमैन को 'हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम' स्टार देकर सम्मानित किया गया है। इस मौके पर उनकी विधवा सिमोन लेडवर्ड-बोसमैन मौजूद रहीं। दिवंगत पति को मिले सम्मान को पाकर जहां सिमोन के चेहरे पर एक हंसी थी, वहीं आंखों में नमी और दिल की गहराई में दुख का सैलाब भी था। 'हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम' के स्टार सेरेमनी में सिमोन लेडवर्ड-बोसमैन के साथ ही 'ब्लैक पैंथर' फिल्म के डायरेक्टर रयान कूगलर और एक्टर वियोला डेविस भी मौजूद थीं।



## मिस यूनिवर्स के स्टेज पर मुंह के बल गिरी मिस जमैका

**नई दिल्ली।** मिस यूनिवर्स 2025 के इवेंट के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। थाईलैंड में मिस यूनिवर्स 2025 की प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस हादसे में मिस जमैका को बुरी तरह से चोट लग गई है। ये हादसा फिनाले से सिर्फ दो दिन पहले 19 नवंबर को हुआ था, जिसका वीडियो अब खूब वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में मिस जमैका ऑरेंज कलर की बेहद खूबसूरत इवनिंग गाउन में हाई हील्स पहनकर वॉक करती नजर आ रही हैं। वो बहुत ही खूबसूरत लग रही हैं और बहुत आराम से वॉक कर रही हैं। मगर अचानक से चलते हुए वो स्टेज के किनारे पर पहुंच जाती हैं और बुरी तरह से नीचे गिर जाती हैं। मिस जमैका 28 साल की गैब्रिएल हैं। जिनका वीडियो देखकर हर कोई चौंक रहा है। गैब्रिएल का सिर्फ एक स्टेप मिस हो जाता है और वो गिर जाती हैं। इस वीडियो में दिखाया गया है कि इस घटना के बाद उन्हें तुरंत स्ट्रेचर पर स्टेज से ले जाते हैं। जो भी इस वीडियो को देख रहा है वो कमेंट करके मिस जमैका की तबीयत के बारे में पूछ रहा है। हर किसी को चिंता हो रही है कि उन्हें कहीं ज्यादा तो नहीं लग गई है। मिस यूनिवर्स जमैका ऑर्गनाइजेशन ने 19 नवंबर को इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करके इस हादसे के बारे में बताया है।



## बतौर निर्देशक नए जॉनर में हाथ आजमाने को तैयार

**मुंबई।** कोंकणा सेन शर्मा ने न सिर्फ एक अभिनेत्री बल्कि एक डायरेक्टर के तौर पर भी अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने साल 2016 में आई फिल्म 'डेथ इन द गंज' का निर्देशन किया। वह 'लस्ट स्टोरीज 2' की सह-निर्देशक रहीं। अब एक्ट्रेस-डायरेक्टर ने अपने अगले डायरेक्टोरियल प्रोजेक्ट के बारे में अपडेट दी है। अपने अगले प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी देते हुए कोंकणा सेन शर्मा ने बताया 'यह एक कॉमेडी शो है, जिसे मैं अपने कॉलेज के दोस्त जयदीप सरकार के साथ लिख रही हूं और इसका निर्देशन कर रही हूं। मैं इसे लेकर थोड़ी घबराई हुई हूं, लेकिन इसके साथ हमें मजा आने वाला है।' कई कलाकार अपने निर्देशन में बन रहे शो में काम करते हैं। ऐसे में कोंकणा सेन शर्मा से पूछा गया कि क्या वह अपने निर्देशन में बन रहे शो में काम करेंगी? इस पर उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि मैं इसमें बतौर अभिनेत्री काम करूंगी।



## युद्ध नहीं, कुर्बानी दिखाती है 120 बहादुर

**मुंबई।** फरहान अख्तर की फिल्म '120 बहादुर' का दर्शकों को काफी इंतजार था। यह फिल्म 21 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म सच्ची घटना पर आधारित है। कई दर्शकों ने फिल्म को देखकर इस पर प्रतिक्रिया दी है। आइए जानते हैं दर्शकों को यह फिल्म कैसी लगी है? एक यूजर ने '120 बहादुर' और फरहान अख्तर की तारीफ की है। उन्होंने लिखा है 'क्या हम फरहान अख्तर की स्क्रीन प्रेजेंस के बारे में बात कर सकते हैं? हर फ्रेम, हर डायलॉग और हर झलक बहुत अच्छी है। इस फिल्म को सिर्फ उनके लिए देखा जाना चाहिए।' एक यूजर ने फिल्म की तारीफ की है। उन्होंने लिखा है '120 बहादुर फिल्म देखी। बिना हवा के सपोर्ट के 118 जवान -30 डिग्री में आखिरी सांस और आखिरी गोली तक लड़े। यह फिल्म युद्ध नहीं कुर्बानी दिखाती है।

टीवी मसाला



## बिग बॉस के घर में आते ही तान्या के भाई ने किए कई खुलासे

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 19' के फैमिली वीक में इस बार घर का माहौल तब और दिलचस्प हो गया जब तान्या मित्तल के भाई अमृतेश मित्तल शो में पहुंचे। जैसे ही वो घर में दाखिल हुए, तान्या भावुक हो गईं और उन्हें देखकर पहले पैर छुए फिर गले लगाया। लेकिन, असली कहानी तब शुरू हुई जब एक-एक कर घरवाले उनके सामने तान्या द्वारा शो के दौरान किए गए दावों को लेकर सवाल लेकर पहुंचने लगे। मेकर्स ने प्रोमो में दिखाया कि कैसे तान्या के भाई हर सवाल का जवाब शांत तरीके से दे रहे हैं और बहन के बचाव में साफ-साफ अपना पक्ष रखते दिख रहे हैं। शो के मेकर्स द्वारा अब तक कई प्रोमोज साझा किए गए हैं, जिनमें तान्या के भाई एक-एक सारे मुद्दों पर सफाई देते हुए नजर आ रहे हैं। 'बिग बॉस' के लाइव से वायरल हुए वीडियो में प्रणित किचन में लिफ्ट के दावे पर तान्या के भाई से सवाल पूछते हैं। इस पर तान्या के भाई कहते हैं कि हमारे ग्वालियर में ऊंची ऊंची बिल्डिंग्स नहीं हैं। ऐसे में बुजुर्गों के लिए घर में लिफ्ट बहुत आम तौर पर घरों में लगवाई जाती है। हमारे सारे रिश्तेदारों के घरों में ही ऐसा किया जाता है। इस दौरान साथ बैठीं तान्या भी यही बात दोहराते हुए नजर आती हैं। इसके बाद बातचीत फैक्ट्री वाले बयान पर पहुंची, जिसे लेकर भी घर में कई दिनों से सवाल उठते रहे थे। इस पर तान्या के भाई ने सरल शब्दों में समझाया कि उनके पिता का बिजनेस क्या है और कैसे लोग बिना पूरी जानकारी के बातें बना लेते हैं।

## मेरे दिल में एक डर बना हुआ है :दीपिका

**नई दिल्ली।** टीवी अभिनेत्री दीपिका कक्कड़ ने हाल ही में अपने यूट्यूब चैनल पर बहुत भावुक होकर बताया कि उन्हें लिवर कैंसर हो गया है। अभी उनकी सभी मेडिकल रिपोर्ट्स नॉर्मल आ रही हैं, लेकिन फिर भी वे हर दिन डर, चिंता और शारीरिक परेशानियों से गुजर रही हैं।



दीपिका ने कहा, 'कभी-कभी मैं बहुत खुश और उम्मीद से भरी रहती हूं, तो कभी अचानक डर लगने लगता है। मेरा दिल इतना कुछ सह नहीं पाता।' दीपिका ने बताया कि हर दिन कुछ नई समस्या आती हैं। कभी थायरॉइड बढ़ता-घटता है तो कभी हार्मोनल बदलाव होते हैं, त्वचा बहुत रूखी हो गई है, हाथ फट रहे हैं, कान-गले में दबाव और नाक में सूखापन रहता है। अपने पति शोएब इब्राहिम के साथ रिकॉर्ड किए इस वीडियो में दीपिका ने आगे कहा, 'यह सफर बहुत थकाऊ है, लेकिन हमें हार नहीं माननी है। हमारे पास सिर्फ दो रास्ते हैं। पहला या तो डर के साथ बैठ जाएं और दूसरा डर के साथ ही आगे बढ़ते रहें। मैं आगे बढ़ना चाहती हूं।' दीपिका ने इस वीडियो में उन सभी लोगों से कहा, जो कैंसर जैसी बीमारी से लड़ रहे हैं, 'हिम्मत मत हारो, खुद को बार-बार समझाओ कि सब ठीक हो जाएगा और अल्लाह पर पूरा भरोसा रखो।'

## इस एक्ट्रेस को प्रॉस्टिट्यूशन के लिए किया था मजबूर ठेले पर श्मशान घाट पहुंची थी उनकी लाश

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड स्टार्स की लाइफ जितनी आसान और लग्जरी दिखती है वैसी होती नहीं है। उन्हें काफी उतार-चढ़ाव देखने पड़ते हैं। अब हम आपको एक ऐसी एक्ट्रेस के बारे में बताने वाले हैं जिन्होंने पहले काफी सक्सेस एंजॉय की, लेकिन फिर एक वक्त ऐसा आया कि उन्होंने मनी और फेम सब गवा दिया। विमी को म्यूजिक डायरेक्टर रवि ने डिस्कवल किया और उस वक्त वह पहले से शादीशुदा थीं। दोनों के 2 बच्चे भी थे। एक बेटा और एक बेटी। विमी के पति ने उनका पूरा सपोर्ट किया और दोनों मुंबई शिफ्ट हो गए ,जहां विमी ने सुनील दत्त की फिल्म हमराज से डेब्यू किया था। दोनों ने साथ में आबू, पतंगा, गुड्डी समेत कई फिल्मों में साथ काम किया था। 1977 में विमी का लिवर की बीमारी की वजह से निधन हो गया। ऐसा कहा जाता है कि उनके निधन के वक्त कोई भी उनका अपना नहीं था और श्मशान घाट उन्हें ठेले पर लेकर गए।



### प्रेमी ने किया गलत इस्तेमाल

ऐसा कहा जाता है कि विमी को फिर एक फिल्म ब्रोकर से प्यार हो गया है था, लेकिन उसने विमी का गलत इस्तेमाल किया और उन्हें प्रॉस्टिट्यूशनके लिए मजबूर किया। उस टॉक्सिक रिलेशन से बाहर आने के बाद विमी ने फिर टेक्सटाइल बिजनेस शुरू किया। बिजनेस भी जब फेल हो गया तो विमी को अपना सारा सामान बेचना पड़ा और घर भी।

### लग्जरी लाइफ के बाद आया भूचाल

एक पॉइंट पर विमी का बड़ा घर था, लग्जरी गाड़ियां थीं। उन्हें बॉलीवुड की सबसे खूबसूरत एक्ट्रेसेस में से एक माना जाता था। इतना ही नहीं, वह उस समय की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली एक्ट्रेसेस में से एक भी थीं। हालांकि विमी की ये शोहरत ज्यादा लंबी नहीं चली। रिपोर्ट्स के मुताबिक उनकी फिल्में फ्लॉप होने लगी और बात यहां तक आ गई कि वह सिर्फ मैगजीन के लिए फोटोशूट तक करती थीं।

### पर्सनल लाइफ में आया बड़ा बदलाव

ना सिर्फ प्रोफेशनल, बल्कि पर्सनल लाइफ में भी उनकी लाइफ में बड़ा तूफान आया। विमी अपने पति से अलग हो गई थीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक विमी के निधन के बाद जारी एक श्रद्धांजलि लेख में यह भी बताया गया कि एक्ट्रेस घरेलू हिंसा का शिकार होती थीं।

## 'दो दीवाने सहर में' का फर्स्ट लुक जारी

**मुंबई।** संजय लीला भंसाली के प्रोडक्शंस के तहत बन रही फिल्म 'दो दीवाने सहर में' का पहला लुक सामने आया है। निर्माताओं ने सिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर की अदाकारी वाली इस फिल्म की रिलीज की तारीख का भी ऐलान किया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फर्स्ट लुक जारी करते हुए निर्माताओं ने लिखा 'दो दिल एक सहर, एक अपूर्ण रूप से पूर्ण प्रेम कहानी। इस वैलेंटाइन डे पर इश्क से इश्क हो जाएगा। दो दीवाने सहर में 20 फरवरी 2026 को रिलीज होगी।' जारी किए गए फर्स्ट लुक में सबसे पहले पानी में पड़ा पत्ता नजर आता है। इसके बाद दो चाय के साथ दो हाथ नजर आते हैं। फिर फूलों पर मंडराती तितलियां नजर आती हैं। इसके बाद पहाड़ों का दृश्य दिखता है।




### कई सेलेब्स ने किया लाइक

मेट्रो में एक व्यक्ति सफर करता नजर आता है। फिर पुल के पास बैठा एक जोड़ा नजर आता है। इसके बाद एक जोड़ा पानी में भीगता है। फिल्म के फर्स्ट लुक को कई सेलेब्स ने लाइक किया है और इस पर कमेंट किए हैं। अभिनेत्री संदीपा धर ने पोस्ट पर दिल वाला इमेज कमेंट किया है। फिल्म निर्देशक जोया अख्तर ने लिखा है 'सिड, मृणाल।' एक और यूजर ने लिखा है 'मुझे टाइटल पसंद आया। इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है।'

## अजय की भोला से लेकर ऋतिक की विक्रम वेधा तक
# साउथ की ये रीमेक फिल्में बॉलीवुड में रहीं फ्लॉप

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बॉलीवुड में अक्सर साउथ की फिल्मों के रीमेक बनते हैं। कई बार यह फिल्में इतनी कामयाब हो जाती हैं कि कमाई के मामले में ये ओरिजिनल फिल्म को पीछे छोड़ देती हैं। आज हम उन बॉलीवुड फिल्मों की बात करेंगे जो साउथ की कामयाब फिल्मों की रीमेक हैं। हालांकि, ये फिल्में बॉलीवुड में फ्लॉप रहीं।

### शहजादा

कार्तिक आर्यन और कृति सेनन स्टारर फिल्म 'शहजादा' (2023) में रिलीज हुई थी। यह फिल्म तेलुगु ब्लॉकबस्टर 'अला वैकुंठपुरमुलु' (अल्लू अर्जुन वाली) पर आधारित थी। यह फिल्म उस तरह से नहीं चल पाई जैसे इसने साउथ में परफॉर्म किया था। दर्शकों को तेलुगु मूवी में अल्लू अर्जुन का अभिनय और म्यूजिक पसंद आया, लेकिन 'शहजादा' को दर्शकों ने नकार दिया।




### विक्रम वेधा

'विक्रम वेधा' (2022) में ऋतिक रोशन और सैफ अली खान लीड रोल में थे। यह फिल्म 2017 की तमिल फिल्म 'विक्रम वेधा' का रीमेक थी। दोनों फिल्मों के निर्देशक एक ही थे। जहां साउथ में यह फिल्म अच्छी चली, वहीं बॉलीवुड में यह फ्लॉप रही। बताया जाता है कि रीमेक में असली फिल्म जैसी ओरिजनलिटी नहीं थी।

### भोला

दावा किया जा रहा था कि अजय देवगन की अदाकारी वाली फिल्म 'भोला' (2023), हिट साबित होगी। हालांकि, लोकेश कनगराज की तमिल फिल्म 'कैथी' से प्रेरित इस फिल्म को दर्शकों ने नकार दिया। भोला को वाइल्ड एक्शन फिल्म बताया गया था। जानकारों के मुताबिक इसमें स्टंट अच्छे थे, लेकिन असली सस्पेंस की कमी थी।



### देवा

शाहिद कपूर की अदाकारी वाली फिल्म 'देवा' 31 जनवरी, 2025 को रिलीज हुई थी। यह फिल्म मलयालम फिल्म 'मुंबई पुलिस' की रीमेक थी। बॉलीवुड में यह फिल्म फ्लॉप रही। देवा देखने में मजेदार थी, लेकिन स्क्रीनप्ले मजबूत नहीं था। फिल्ममेकर ने इसके आखिरी सीन को बदल दिया, जबकि दर्शक इसकी तुलना ओरिजिनल फिल्म से करते रहे।

### लवयापा

जुनैद खान और खुशी कपूर स्टारर 'लवयापा' 2022 की तमिल फिल्म 'लव टुडे' का हिंदी रीमेक थी। इसमें प्यार और भरोसे की थीम कुछ-कुछ तमिल फिल्म जैसी ही थी। 'लवयापा' बहुत यंग और ट्रेंडी लगी। क्रिटिक्स और ऑडियंस को यह ठीक-ठाक लगी। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही।

## खबर संक्षेप

### बेटे बने मंत्री तो उपेंद्र कुशवाहा ने दी सफाई



**पटना।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा के बेटे दीपक प्रकाश एनडीए सरकार में मंत्री बने हैं। सीधे मंत्रिपद की शपथ लेने के बाद वह चर्चा में आ गए हैं। माना जा रहा है कि उन्हें एमएलसी बनाया जा सकता है। वहीं, परिवारवाद को लेकर कुशवाहा पर निशाना साधा जा रहा है। उन्होंने आलोचना पर कहा कि इतिहास की घटनाओं से उन्होंने सीख ली है। समुद्र मंथन से अमृत और जहर दोनों निकलता है।

### कुर्सी-कंबल को लेकर नाराज हुए आजम खान



**रामपुर।** रामपुर जेल में बंद सपा के वरिष्ठ नेता आजम खान लगातार जेल प्रशासन से नाराज चल रहे हैं। सेहत का हवाला देकर कुर्सी मांगने से लेकर घर से कंबल मंगवाने तक हर बिंदु पर उनका प्रशासन से टकराव देखने को मिल रहा है। जेल मैनुअल का हवाला देकर कुर्सी न दिए जाने पर आजम खां का गुस्सा इस कदर बढ़ गया कि उन्होंने अपने बेटे अब्दुल्ला और बहन से मिलने से भी इंकार कर दिया।

### बिना लाइसेंस कुत्ता टहलाया 20 हजार जुर्माना



**लखनऊ।** नगर निगम ने बिना लाइसेंस के कुत्ता पालने वालों के खिलाफ अभियान चलाया। 4 लोगों से 20 हजार रुपए जुर्माना वसूला गया। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर पशु कल्याण विभाग और डॉग कैचिंग स्क्वाड की टीम पहुंची तो बिना लाइसेंस कुत्ता पालने वालों में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई थी।

## पेज एक का शेष

### बिहार में अब ....

में कानून-व्यवस्था, पुलिस प्रशासन और आंतरिक सुरक्षा के प्रमुख चेहरे बन गए हैं। यह न केवल उनकी ताकत को बढ़ाता है बल्कि विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा की राजनीतिक हिस्सेदारी को भी मजबूत संदेश देता है।

**दिलीप जायसवाल को उद्योग की जिम्मेदारी:** नितिन नवीन को पीडब्ल्यूडी का विभाग दिया गया है। वहीं, दीपक प्रकाश को पंचायती राज विभाग के जिम्मेदारी दी गई है। संतोष सुमन अपने पुराने विभाग लघु जल संसाधन विभाग की जिम्मेदारी संभालेंगे। दिलीप जायसवाल के पास उद्योग विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। हालांकि, अबतक जदयू की ओर से कोई सूची सामने नहीं आई है। बिहार में सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे नीतीश कुमार ने बृहस्पतिवार को दसवीं बार पद और गोपनीयता की शपथ ली। नीतीश के 26 सदस्यीय मंत्रिमंडल में पुराने अनुभवी नेताओं के साथ 10 नए चेहरों को शामिल किया गया है, जिसमें जातीय और क्षेत्रीय संतुलन पर विशेष ध्यान दिया गया है।

**26 में से 10 पहली बार मंत्री बने:** करीब 19 वर्ष से सत्ता में रहे कुमार ने अपनी पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जदयू)और सहयोगी भाजपा के कई वरिष्ठ मंत्रियों को दोबारा मौका दिया है। जारी सूची के अनुसार, मंत्रिपरिषद में शामिल 26 सदस्यों में से 10 पहली बार मंत्री बने हैं। कुमार के मंत्रिमंडल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता सम्राट चौधरी व विजय कुमार सिन्हा को बरकरार रखा गया है, जो पिछली सरकार में उपमुख्यमंत्री थे। वहीं जदयू ने अपने पुराने मंत्रियों बिजेंद्र प्रसाद यादव, विजय कुमार चौधरी और श्रवण कुमार को भी मंत्रिमंडल में बरकरार रखा गया है। भाजपा ने अपने पूर्व मंत्रियों मंगल पांडेय, सुरेंद्र प्रसाद मेहता और नितिन नविन को दोबारा कैबिनेट में शामिल किया है।

### गृह मंत्रालय का ....

महत्वपूर्ण विभाग की कमान जब सम्राट को सौंपी है, तो यह भरोसे, जिम्मेदारी और बदलते राजनीतिक समीकरणों का संकेत है। आने वाले महीनों में यह बदलाव राज्य की प्रशासनिक दिशा तय करेगा और शायद बिहार की राजनीति भी बदल दे।

### जी-20 शिखर....

जाएगा। इस वर्ष अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप (जी-20 के अगले आयोजक देश), रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के भी इस महत्वपूर्ण वैश्विक आयोजन में भाग लेने की कोई संभावना नहीं है। लेकिन चीन और रूस की तरफ से अन्य सरकारी प्रतिनिधि जी-20 में शामिल हो सकते हैं। जिसमें रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और चीन के प्रधानमंत्री ली केकियांग शामिल हैं।

### प्रमुख वैश्विक मुद्दों ....

सम्मेलन में वसुधैव कुटुंबकम और एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य के हमारे देश के दृष्टिकोण को दुनिया के समक्ष प्रस्तुत करूंगा। उन्होंने कहा कि मैं भागीदार देशों के नेताओं से मुलाकात और शिखर सम्मेलन के दौरान आयोजित किए जाने वाले छठे आईबीएसए शिखर सम्मेलन में भागीदारी की उत्सुकता से प्रतीक्षा कर रहा हूं। इस यात्रा के दौरान दक्षिण अफ्रीका में मौजूद प्रवासी भारतीय समुदाय के साथ बातचीत करने के लिए भी मैं उत्सुक हूं। जो भारत के बाहर सबसे बड़े प्रवासियों में से एक है।

### संतरे की उत्पादकता....

लगाई गई है, वहीं पहले दिन विशेषज्ञों ने जल संरक्षण, फसल विविधीकरण व आधुनिक कृषि विपणन पर विचार साझा किए।

**किसानों को मिलें अच्छे पौधे:** समारोह में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि किसानों को अच्छे पौधे मिलना चाहिए, अगर वो नर्सरी से ऐसा पौधा ले आया जिसमें कोई वायरस है, जो 2–4 साल में अपना असर दिखाएगा और प्लांट खराब हो जाएगा, अच्छा उत्पादन नहीं दे पाएगा तो किसान बर्बाद हो जाता है। पैसा पूरा खर्च हो जाता है, बाद में पछताने के अलावा कुछ नहीं रहता है, इसलिए संतरा उत्पादक किसानों की भलाई के लिए हम अच्छी नर्सरी चिन्हित करेंगे और उन्हें आर्थिक मदद व टेक्नॉलॉजिकल सपोर्ट देंगे। बड़ी नर्सरी को 4 करोड़ रु. तक और मध्यम या छोटी नर्सरी को 2 करोड़ रु. तक की सहायता करेंगे, जो अच्छा क्लीन प्लांट तैयार करेगी।

**आजकल तो सरकारें बहनें ही बना रही:** शिवराज सिंह ने महिला कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि महाराष्ट्र में लाड़की बहना, मध्य प्रदेश में लाड़ली बहना, बिहार में जीविका बहना, आजकल तो सरकारें बहनें ही बना रही हैं। उनकी ताकत को कोई अनदेखा नहीं कर सकता। केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि हमारी लाड़की बहना लखपति बन जाएं, इसका प्रयत्न ज़रूरी है, उसमें एग्रो विज़न एक नई दिशा दे रहा है।

**परिवहन का खर्च कृषि विभाग उठाएगा:** उन्होंने कहा कि आलू, प्याज, टमाटर जैसी फसल उगाने व स्थानीय स्तर पर ठीक दाम नहीं मिलने पर बड़े शहरों में ले जाने के लिए ट्रांसपोर्टेशन का भाड़ा बहुत ज्यादा लगने की किसानों की दिक्कत दूर करने के लिए केंद्र ने योजना बनाई है कि इन उपज का परिवहन का सारा खर्चा केंद्रीय कृषि विभाग उठाएगा।

### दुबई एयर शो ....

प्रदेश के कांगड़ा जिले के रहने वाले थे। सोशल मीडिया पर जारी वीडियो के मुताबिक, जब ये हादसा हुआ तब विमान हवाईअड्डे से उड़ान भरने के बाद क्षण भर में ही तेजी से नीचे गिरते हुए और उसके साथ ही आग का गोला बनते हुए देखा गया। बीते करीब 24 सालों में तेजस विमान से जुड़ा ये दूसरा हादसा है। इससे पहले पिछले साल 2024 में राजस्थान के जैसलमेर में ऑपरेशनल प्रशिक्षण मिशन के दौरान भी एक तेजस विमान दुर्घटना का शिकार हो गया था। लेकिन उसमें पायलट बाल-बाल बच गए थे। भारतीय वायुसेना ने एक बयान में बताया कि 'दुबई में आज हवाई प्रदर्शन के दौरान वायुसेना का एक तेजस विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। जिसमें पायलट को गंभीर चोटें आई हैं। वायुसेना को इस हादसे पर गहरा दुख है और वह इन मुश्किल हालातों में शोक संतप्त परिवार के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए जांच (कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी) के आदेश दे दिए गए हैं'। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी एक्स पोस्ट में इस हादसे को लेकर गहरा दुख जताते हुए कहा कि शोक संतप्त परिवार के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। इस दुखद घड़ी में पूरा देश उनके उनके साथ खड़ा है। पायलट स्याल की मृत्यु को लेकर हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने एक्स पोस्ट में बताया कि दुबई एयरशो में हुए तेजस विमान हादसे में हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के वीर सपूत नमांश स्याल जी के निधन का समाचार अत्यंत दुखद और हृदयविदारक है। देश ने एक बहादुर, कर्तव्यनिष्ठ और साहसी पायलट खो दिया है। शोकाकुल परिवारजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट करता हूं। वीर सपूत स्याल की अदम्य वीरता, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण को हृदय से नमन।

**42 साल पुराना तेजस का 'तेजोमय' इतिहास:** गौरतलब है कि देश की अपना खुद का लड़ाकू विमान बनाने की यात्रा की शुरुआत 42 साल पहले यानी वर्ष 1983 में हल्का युद्धक विमान नामक कार्यक्रम के तहत हुई थी। जिसके डिजाइन और विकास की देखरेख की जिम्मेदारी रक्षा मंत्रालय के तहत आने वाली वैमानिकी विकास अभिकरण (एडीए) को सौंपी गई थी। जबकि विमान की वास्तविक निर्माता कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) है। 1983 से लेकर 2001 तक विमान के डिजाइन पर काफी गहनता से काम किया गया। कई बाद तकनीकी समस्याओं से भी दो-चार होना पड़ा। लेकिन अंततः उनका समाधान निकला और 2001 में तेजस विमान के पहले मॉडल ने उड़ान भरी। विमान को तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने 2003 में तेजस नाम दिया था। जिसका संस्कृत भाषा में अर्थ 'तेजोमय' होता है। 2011 में इसके सीमित उपयोग को मंजूरी मिली और 2015 में इसे पहली बार आधिकारिक रूप से वायुसेना में शामिल किया गया। जबकि 2019 में तेजस को पूरी तरह से युद्ध के लिए तैयार माना गया।

**वायुसेना के पास हैं 36 तेजस विमान:** वर्तमान में वायुसेना के पास तेजस विमान की 2 स्क्वॉड्रन (कुल 36 विमान) हैं। जिनमें से पहली 2016 में (नंबर-45 फ्लाइंग डैगर्स) तमिलनाडु के सुलूर एयरबेस पर तैनात की गई थी। जबकि दूसरी स्क्वॉड्रन 2020 में (नंबर-18 फ्लाइंग बुलेट्स) पश्चिमी-सीमा पर गुजरात के नलिया एयरबेस पर तैनात की गई है। इन 36 विमानों में से 30 तेजस मार्क-1 हैं और 6 प्रशिक्षण विमान हैं। वायुसेना के पास देश के चीन-पाकिस्तान की तरफ से आने वाली दो मोर्चों से जुड़ी युद्ध की चुनौती का सामना करने के लिए लड़ाकू विमानों की पर्याप्त संख्या यानी 42 स्क्वाड्रन नहीं हैं। अभी इनकी संख्या 32 के करीब है। अनुमानित आंकड़ों के मुताबिक वायुसेना को हर साल 40 लड़ाकू विमानों की आवश्यकता है। जिसे देखते हुए केंद्र सरकार ने एचएएल से और तेजस विमानों की खरीद के लिए गत वर्षों में दो समझौते किए हैं। जिनमें 2021 में 83 उन्नत तेजस मार्क 1-ए विमानों की खरीद के लिए 46 हजार 898 करोड़ रुपए का एक समझौता किया गया था। जिनकी डिलीवरी के लिए 2028 का समय तय किया गया है। इसके बाद इसी साल सितंबर महीने में एचएएल से सरकार ने 97 और तेजस मार्क 1-ए विमानों की खरीद के लिए 62 हजार 370 करोड़ रुपए का समझौता किया गया है। जिनकी वायुसेना को डिलीवरी 2027-28 से शुरू होगी और इसे पूरा होने में छह साल का वक्त लगेगा।

**तेजस की खूबियां:** तेजस हवाई, जमीनी और समुद्री हमले का मुकाबला करने में पूरी तरह से सक्षम विमान है। एक बार उड़ान भरने के बाद ये 16 हजार 500 फीट की ऊंचाई तक उड़ान भर सकता है। दुश्मन पर हमला बोलने के लिए इसमें हवा से हवा में मार करने में सक्षम डर्बी मिसाइल लगाई गई है। वहीं, जमीनी लक्ष्यों को सटीकता से भेदने के लिए तेजस में लेजर गाइडेड बम लगाए गए हैं। अमेरिकी एफ-404 इंजन की मदद से यह 2200 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ान भरने के साथ ही 3 हजार किलोमीटर की दूरी तय कर सकता है। इसके फ्लाइट कंट्रोल सिस्टम की बात करें तो यह हवाई कलाबाजी दिखाने में माहिर है। विमान का ढांचा कार्बन फाइबर से निर्मित है। जिसकी मदद से ये धातु की तुलना में हल्का और मजबूत बन जाता है। सेंसर तरंग वाला रडार इसे शत्रु के विमान से लेकर जमीन से हवा में दागी गई मिसाइल के पास आने की आसानी से सूचना मिल जाती है। भारत तेजस मार्क-1ए से आगे इसके अगले उन्नत संस्करण तेजस मार्क-2 (जीई का 414 इंजन लगेगा) के विकास पर भी काम कर रहा है। 2026 में इसका पहला परीक्षण होने की संभावना है। जबकि विमान की पहली उड़ान उसी वर्ष के आखिर में या 2027 की शुरुआत में होने की संभावना है। मार्क-2 वर्जन में आयसा रडार, अस्त्र-एमके 2 मिसाइल, ब्रह्मोस एनजी, रूद्रम-2 और मीटियोर जैसी मिसाइलों से लैस होगा। दुनिया के कई देश भारत से तेजस विमान खरीदने के इच्छुक हैं।

### इस वर्ष एयरशो .....

साढ़े चार पीढ़ी का एक बहुउद्देशीय और सिंगल सीट-सिंगल इंजन (अमेरिका की जनरल इलेक्ट्रिक का एफ-404) वाला लड़ाकू विमान है। इस वैश्विक आयोजन के पूर्व में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के इसमें शामिल होने की सूचना थी। लेकिन बाद में उनकी यात्रा से जुड़े कार्यक्रम में अचानक हुए बदलाव के बाद रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने एयरशो में भारत का नेतृत्व किया। तेजस को वायुसेना ने इसी साल सितंबर महीने में पूरी तरह से सेवानिवृत्त हो चुके मिग-21 लड़ाकू विमानों की जगह पर अपने युद्धक बेड़े में शामिल किया है।

### मैक्सिकन मॉडल ....

करने की वजह से सभी के सामने अपमानजनक शब्द बोलते हुए फातिमा को फटकार लगाई थी। नवात ने फातिमा को बेवकूफ कहा था। फातिमा ने कहा कि दुनिया को यह देखना चाहिए। यह मंच हमारी आवाज उठाने का है। हम मजबूत महिलाएं हैं। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम तक को प्रतिक्रिया देनी पड़ी। बाद में डायरेक्टर ने माफी मांगी। इंस्टाग्राम पर फातिमा के 2.1 मिलियन फॉलोअर्स हैं।

## बीसीसीएल में कोयले के खनन में गड़बड़ी की जांच

# राजनीति और कोयला कारोबार के गठजोड़ पर ईडी का बड़ा वार



एजेंसी ▶▶ धनबाद

कोल इंडियी की अनुषंगी कंपनी बीसीसीएल में कोयला खनन के ठेके में वर्चस्व स्थापित करने के बाद धनबाद कोयलांचल की राजनीति में पैठ बनाने की कोशिश कर रहे एलबी सिंह की मुश्किलें बढ़ गई हैं। एलबी सिंह के खिलाफ ईडी ने शिकंजा कस दिया है।

झारखंड और पश्चिम बंगाल में कोयला माफिया के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार सुबह एक बड़ी कार्रवाई शुरू की। दोनों राज्यों में करीब 40 से अधिक ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की गई। कार्रवाई का फोकस धनबाद की देव-प्रभा कंपनी का मालिक एलबी सिंह बताए जा रहे हैं। धनबाद, झारखंड का कोयला हब है और लंबे समय से यहां राजनीति और कोयला कारोबार का गठजोड़ सत्ता की जमीन तैयार करता रहा है। इसी पृष्ठभूमि में एलबी सिंह का नाम हमेशा चर्चा में रहा है। एलबी सिंह मूल रूप से यूपी के बलिया के रहने वाले हैं। एलबी ने खनन कारोबार में बढ़ती पकड़ के बाद राजनीतिक जमीन पर भी कदम रखे, खासकर भाजपा से नजदीकियां बढ़ाईं। 2024 विधानसभा चुनाव के दौरान सिंह ने धनबाद सीट से भाजपा का टिकट पाने की जोरदार कोशिश की थी। अवैध कोयले के रैकेट में भारी कैश फ्लो, नकली बिलिंग और राजनीतिक फंडिंग जैसी गतिविधियाँ सामने आई हैं। जांच एजेंसी इस बात की तह तक जाने की कोशिश कर रही है कि कोयले की कमाई का कितना हिस्सा राजनीति में निवेश हुआ।



## चिंतन

# तेजस विमान हादसे की जांच आवश्यक

दुबई एयर शो में भारतीय तेजस लड़ाकू विमान का प्रदर्शन उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो जाना केवल एक दुखद घटना नहीं, बल्कि भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमता के सामने खड़े गंभीर प्रश्नों की ओर भी संकेत करता है। दुनिया के सबसे बड़े एविएशन आयोजनों में से एक माने जाने वाले दुबई एयर शो में जब शुक्रवार दोपहर तेजस अचानक नियंत्रण खोकर नीचे गिर पड़ा, तो कुछ ही पलों में अल मकतूम इंटरनेशनल एयरपोर्ट के ऊपर काले धुएं का विशाल गुबार उठता दिखाई दिया। हादसे में एक अनुभवी पायलट की जान चली गई। तेजस, जिसे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने विकसित किया है, भारत की आधुनिक रक्षा तकनीक का प्रतीक माना जाता रहा है। यह 4.5-जनरेशन का मल्टी-रोल कॉम्बैट विमान है, जिसे एयर-डिफेंस, ग्राउंड अटैक और नजदीकी लड़ाई जैसे विविध सैन्य अभियानों के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसका हल्का और छोटा ढांचा इसे फुर्तीला बनाता है और इसकी एक बड़ी विशेषता मार्टिन-बेकर की जीरो-जीरो इजेक्शन सीट है, जो पायलट को शून्य गति और शून्य ऊंचाई पर भी सुरक्षित बाहर निकलने की क्षमता देती है। यह विशेषता आधुनिक लड़ाकू विमानों में एक मजबूत सुरक्षा कवच मानी जाती है लेकिन यही विशेषताएं इस हादसे को और अधिक हैरान करने वाली बनाती हैं। सवाल उठना स्वाभाविक है कि इतनी उन्नत सुरक्षा तकनीक के बावजूद पायलट सुरक्षित क्यों नहीं बच पाया? क्या इजेक्शन सिस्टम को सक्रिय करने के लिए समय नहीं मिल पाया, या क्या तकनीकी स्तर पर कोई चूक हुई? इन प्रश्नों के उत्तर न सिर्फ तकनीकी जांच पर निर्भर हैं, बल्कि भारत की वायु सुरक्षा नीतियों और प्रोटोकॉल पर भी। चिंता का दूसरा बड़ा पहलू यह है कि बीते दो वर्षों में यह दूसरा तेजस हादसा है। मार्च 2024 में जैसलमेर के पास हुए दुर्घटनाग्रस्त तेजस में पायलट सुरक्षित बच गया था। वह घटना 2001 में पहली टेस्ट फ्लाइट के बाद तेजस का पहला बड़ा हादसा थी। लेकिन अब एक और दुर्घटना ने यह समझने की ज़रूरत पैदा कर दी है कि क्या यह केवल संयोग है या किसी गहरी प्रणालीगत कमी का संकेत। एयर शो में हुए हादसे अलग तरह से महत्वपूर्ण होते हैं। यहां उड़ानें सिर्फ तकनीकी प्रदर्शन नहीं, बल्कि दुनिया के सामने देश की सैन्य और विमानन क्षमता का प्रदर्शन भी होती हैं। ऐसे मंच पर हुआ दुर्घटनाग्रस्त प्रदर्शन न केवल भारत की प्रतिष्ठा को प्रभावित कर सकता है, बल्कि संभावित अंतरराष्ट्रीय रक्षा साझेदारियों और निर्यात योजनाओं पर भी सवाल खड़े कर करता है। इसके अलावा, यह घटना तेजस की युद्ध परिस्थितियों में विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिह्न लगाती है। यदि नियंत्रित प्रदर्शन वातावरण में सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हो पा रही, तो वास्तविक युद्ध परिस्थितियों में उच्च दबाव, ऊंचे तापमान और अचानक आने वाली चुनौतियों का सामना यह विमान किस स्तर पर कर पाएगा, यह गंभीर विमर्श का विषय है। इस दुर्घटना के बाद अनिवार्य रूप से व्यापक तकनीकी जांच होगी, लेकिन उससे अधिक आवश्यक है कि तेजस परियोजना के हर पहलू, डिज़ाइन, रख-रखाव, गुणवत्ता नियंत्रण, पायलट प्रशिक्षण और उड़ान सुरक्षा की समग्र समीक्षा की जाए। भारत ने तेजस को दशकों की मेहनत के बाद विकसित किया है और यह राष्ट्रीय गौरव का प्रोजेक्ट है। इसलिए इसका सुरक्षित, भरोसेमंद और युद्ध-सक्षम होना अनिवार्य है। तेजस की उड़ान तभी आसमान में स्थिर रह सकेगी, जब उसकी नींव तकनीकी और संस्थागत दोनों, और अधिक मजबूत बनाई जाए।



भाषायी विवाद
दिनेश शर्मा 'दिनेश'

# भाषायी असहिष्णुता की मानवीय कीमत

हाल ही में महाराष्ट्र की घटना ने देश को गहराई से विचलित किया है। ठाणे जिले में ट्रेन में सफर कर रहे 19 वर्षीय अर्णव खैरे, जो स्वयं मराठी भाषी परिवार से थे, धक्का-मुक्की के दौरान सहज ही हिंदी में बोल बैठे “थोड़ा आगे हो जाएं।” इस छोटे-से वाक्य ने कुछ लोगों के भीतर छिपे भाषाई कट्टरवाद को सुलगा दिया। उन पर सवाल उठाया गया कि वह मराठी में क्यों नहीं बोलते। देखते ही देखते बात तंज, अपमान और मारपीट तक पहुंच गई। एक साधारण-सा संवाद हिंसक असहिष्णुता में बदल गया। अर्णव इस घटना से अंदर तक टूट गया। यदि हम सहिष्णुता, संवाद और बहुभाषिक सौहार्द को अपना मूल्य बना लें, तो भारत की विविधता उसकी सबसे बड़ी ताकत बन सकती है।

भाषा वह मौलिक शक्ति है जो मनुष्य के विचारों, भावनाओं, संस्कारों, संबंधों और पहचान को एक सूत्र में पिरोती है। भाषा केवल बोलने का माध्यम नहीं है बल्कि मनुष्य की संस्कृति, इतिहास और सामूहिक स्मृति का जीवंत रूप है। इसलिए भाषा को लेकर सम्मान, सौहार्द और सहिष्णुता किसी भी सभ्य समाज के अनिवार्य तत्त्व माने जाते हैं। लेकिन जब यही भाषा अहंकार, आक्रोश और पहचान की राजनीति का मंच बन जाए, तो इसकी संजीदगी रक्तरंजित भी हो सकती है। भारत जहां भाषाओं की विविधता का अद्भुत संगम दिखाई देता है। वहीं यह भाषाओं की विविधता संवेदनशील और नाजुक भी दृष्टिगोचर होती है। इसी संवेदनशीलता के साथ किए गए किसी भी खिलवाड़ का परिणाम सामाजिक तनाव, हिंसा और कभी-कभी अमानवीयता तक पहुंच जाता है। हाल ही में महाराष्ट्र की घटना ने देश को गहराई से विचलित किया है। ठाणे जिले में ट्रेन में सफर कर रहे 19 वर्षीय अर्णव खैरे, जो स्वयं मराठी भाषी परिवार से थे, धक्का-मुक्की के दौरान सहज ही हिंदी में बोल बैठे “थोड़ा आगे हो जाएं।” इस छोटे-से वाक्य ने कुछ लोगों के भीतर छिपे भाषाई कट्टरवाद को सुलगा दिया। उन पर सवाल उठाया गया कि वह मराठी में क्यों नहीं बोलते। देखते ही देखते बात तंज, अपमान और मारपीट तक पहुंच गई। एक साधारण-सा संवाद हिंसक असहिष्णुता में बदल गया। अर्णव इस घटना से अंदर तक टूट गया। उसके पिता के अनुसार, वह घटना के बाद घबराए हुए, अवसादग्रस्त और भीतर से अस्थिर दिखने लगे थे। उनका आत्मविश्वास चकनाचूर हो चुका था। कुछ ही दिनों में उन्होंने आत्महत्या कर ली, एक ऐसी मौत जो किसी बीमारी, असफलता या व्यक्तिगत संकट की वजह से नहीं, बल्कि भाषा पर आधारित अपमान और भय की वजह से हुई। यह त्रासदी केवल एक युवक की मृत्यु नहीं है; यह उस समाज के अंतःकरण पर लगा गहरा प्रश्नचिह्न है जिसने भाषा के नाम पर हिंसा को स्वीकृति जैसा मौन समर्थन दे दिया है। यह बताती है कि भाषाई असहिष्णुता सिर्फ मारपीट जैसी सतही घटनाओं तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह व्यक्ति की मानसिक संरचना, आत्मसम्मान और अस्तित्व-बोध पर प्रहार करती है। यह कोई पहली घटना भी नहीं है। महाराष्ट्र में भाषा की राजनीति और मराठी अस्मिता के सवाल दशकों से उबलते रहे हैं। कभी गैर-मराठी दुकानदारों, टैक्सी चालकों या कामगारों को अपमानित कर पीटा जाता है तो कभी लोकल ट्रेन, दफ्तर या हॉस्टल में हिंदी भाषियों को तिरस्कार झेलना पड़ता है। लेकिन इन सबके बीच पहली बार ऐसा उदाहरण सामने आया है जहां एक मराठी युवक को हिंदी बोलने के कारण उत्पीड़न झेलना पड़ा और अंततः उसने जान दे दी। यह इस बात का प्रमाण है कि असहिष्णुता का दानव किसी भी समय दिशा बदल सकता है, क्योंकि उसकी जड़ें भाषा में नहीं, बल्कि मनोवृति में होती हैं। जब समाज में भाषा पहचान के बजाय श्रेष्ठता साबित करने का माध्यम बन जाती है, तब वह अपनों को भी नहीं छोड़ती। महाराष्ट्र की यह घटना उस व्यापक भारतीय कहानी का हिस्सा है जिसमें भाषा अक्सर संवेदनशील राजनीतिक और सामाजिक प्रश्न बन जाती है। तमिलनाडु इसका सबसे प्रमुख उदाहरण है, जहां 1965 में हिंदी-विरोध आंदोलन ने शिक्षा नीति,



संघवाद और स्थानीय अस्मिता को लेकर बड़े संघर्ष को जन्म दिया था। इसी तरह कर्नाटक-तमिलनाडु सीमा पर भाषा और क्षेत्रीय पहचान ने कई बार तनाव को जन्म दिया। पूर्वोत्तर भारत में भी भाषाई पहचान अक्सर संघर्षों का मूल रही है, असम बनाम बंगाली समाज, असम-मिज़ोरम की सीमा पर विवाद और बांग्लाभाषियों के खिलाफ आंदोलन इसके उदाहरण हैं। पंजाब में गैर-पंजाबी मजदूरों तथा हिंदी-उर्दू भाषी समुदायों से दूरी ओर अविश्वास कई बार उग्र रूप लेता रहा है। दिल्ली और उत्तर भारत में भी हिंदी-अंग्रेज़ी की प्रतिस्पर्धा और क्षेत्रीय भाषाओं की उपेक्षा, एक अलग तरह की भाषाई असमानता को जन्म देती है। इन सभी घटनाओं से पता चलता है कि भाषाई तनाव किसी एक क्षेत्र की समस्या नहीं है; यह पूरे भारत के सामाजिक मनोविज्ञान में मौजूद एक पुराना, जटिल और बहुपरत तनाव है। भाषाई असहिष्णुता की सबसे बड़ी कीमत युवा पीढ़ी चुका रही है। किशोर और युवा, जो समाज के बदलते वातावरण को सबसे तेजी से ग्रहण करते हैं, भाषा आधारित अपमान और हिंसा के कारण गहरे मानसिक तनाव का सामना करते हैं। अर्णव की घटना इसका चरम रूप है, लेकिन उससे पहले भी न जाने कितने युवा भाषा के कारण भेदभाव, शर्मिंदगी और अवसाद से गुजर चुके हैं। मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि बार-बार अपमानित होने पर व्यक्ति का आत्मविश्वास टूट जाता है। इस समस्या की जड़ें केवल समाज के व्यवहार में नहीं हैं, बल्कि राजनीति के उन विघटनकारी प्रयासों में भी हैं जहां भाषा को वोट बैंक का औजार बनाया जाता है। भाषायी अस्मिता को उभारना आसान है, क्योंकि यह गौरव और पीड़ित भाव दोनों को एक साथ जगाती है। कई राज्यों में नेताओं ने भाषा को भावनात्मक हथियार बनाकर मतदाताओं के बीच विभाजन पैदा किया। महाराष्ट्र इसका एक प्रमुख उदाहरण है। लेकिन इसका परिणाम यह हुआ कि भाषाई पहचान की राजनीति ने समाज के दैनिक जीवन में भी कटुता पैदा कर दी। यही वजह है कि समय-समय पर सामाजिक चिंतक, साहित्यकार और शिक्षाविद यह चेतावनी देते रहे हैं कि भाषा की राजनीति आर्थिक विकास, सामाजिक शांति और सांस्कृतिक सामंजस्य को चोट पहुंचाती है। समाधान का रास्ता केवल कानूनी नहीं हो सकता। समाज को सांस्कृतिक, शैक्षिक और मनोवैज्ञानिक स्तर पर खुद को बदलना होगा। स्कूलों और कॉलेजों में भाषाई विविधता और सहिष्णुता पर आधारित गतिविधियां, परिचर्चाएं और बहुभाषी उत्सवों का आयोजन करना होगा। बच्चों को यह सिखाना होगा कि किसी व्यक्ति की भाषा उसकी योग्यता का मापदंड नहीं होती। उसे सम्मान देना हमारी मानवीय जिम्मेदारी है। इसके साथ ही रेलवे, बस सेवाएं, लोकल प्रशासन और अन्य सार्वजनिक संस्थानों में भाषा विविधता को लेकर संवेदनशीलता प्रशिक्षण अनिवार्य होना चाहिए। डिजिटल दुनिया में भी भाषा-आधारित उत्पीड़न तेजी से बढ़ रहा है। सोशल मीडिया पर भाषा का उपहास, तिरस्कार या नफरत फैलाना एक आम प्रवृत्ति बन चुकी है। इसके लिए भी कठोर नियम, दंड और जागरूकता अभियान जरूरी हैं। मीडिया को अपनी भूमिका निभाते हुए भाषाई विविधता को भारतीयता की शक्ति के रूप में प्रस्तुत करना चाहिए, न कि विभाजन का आधार बना देना चाहिए। भाषा संवाद का माध्यम है, परख का नहीं। हमें तय करना होगा कि हम आने वाली पीढ़ियों को किस प्रकार का समाज सौंपना चाहते हैं, एक ऐसा समाज जहां विविधता को त्योहार की तरह मनाया जाए या एक ऐसा समाज जहां छोटी-सी भाषाई भिन्नता हिंसा का कारण बन जाए। यदि हम सहिष्णुता, संवाद और बहुभाषिक सौहार्द को अपना मूल्य बना लें, तो भारत की विविधता उसकी सबसे बड़ी ताकत बन सकती है।

( लेखक शिक्षण क्षेत्र से जुड़े हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## प्रतिस्पर्धा

डॉ. एन. के. सोमानी



# खतरनाक है परमाणु परीक्षण का विचार

विश्व बिरादरी में जिस बात को लेकर आशंका व्यक्त की जा रही थी अंततः वह सत्य साबित हुई है। पिछले कुछ दिनों से लगातार इस बात की अटकलें लगाई जा रही थी कि क्या राष्ट्रों के बीच एक बार फिर परमाणु हथियारों की खतरनाक प्रतिस्पर्धा शुरू होने जा रही है और दुनिया एक बार फिर शीत युद्ध के मुहाने पर होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा गुपचुप तरीके से परमाणु परीक्षण किए जाने के बाद मॉस्को से जो प्रतिक्रिया आई है, उससे भी इस बात की तस्दीक हो जाती कि बहुत जल्द विश्व भर में भू-राजनीतिक तापमान बढ़ने वाला है। हालांकि मॉस्को ने नवंबर के पहले सप्ताह में ही सुरक्षा परिषद को चेता दिया था कि यदि अमेरिका या व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि (सीटीबीटी) पर हस्ताक्षर करने वाला कोई भी देश परमाणु हथियार का परीक्षण करता है तो रूस भी इस तरह का कदम उठाने के लिए बाध्य होगा। दरअसल परमाणु प्रतिस्पर्धा को लेकर बयानबाजी का दौर पिछले महीने उस वक्त शुरू हुआ, जब अक्टूबर के अंत में रूस ने अपनी नई परमाणु पनडुब्बी लॉन्च की। पोसाइडन परमाणु ड्रोन से लैस इस पनडुब्बी को डूम्सडे (कयामत का दिन ) मिसाइल भी कहा जाता है। पानी के अंदर हथियारों और रोबोटिक सिस्टम वाली यह पनडुब्बी रूस को अपनी समुद्री सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने मे सक्षम बनाती है। मास्को के इस कदम के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने 30 अक्टूबर को दक्षिण कोरिया में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिलने से पहले अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर कहा कि उन्होंने अपने युद्ध विभाग को अन्य परमाणु-सशस्त्र शक्तियों के साथ 'समान आधार' पर तुरंत परमाणु परीक्षण फिर से शुरू करने का आदेश दिया है। लेकिन रूस की स्टेट न्यूज एजेंसी आरटी. कॉम ने इस बात का दावा कर सनसनी फैला दी कि अमेरिका ने अगस्त माह में ही गुपचुप तरीके से बी 61-12 थर्मोन्यूक्लियर बम का परीक्षण कर लिया है।

ऑपरेशन शैडो डाप कोडनेम के साथ किए गए इस परीक्षण में अमेरिका ने बिना वारहेड वाले बी-61-12 बम को एफ-35 विमान से गिराकर टेस्ट किया और दुनिया को इसकी भनक तक नहीं लगने दी। ऐसे में अहम सवाल यह है कि अमेरिका ने दुनिया को अंधरे में क्यों रखा। क्या ट्रंप ने दुनिया को उलझाए रखने के लिए ही सोशल मीडिया पर झूठे निर्देश दिए या इसका असल मकसद कुछ ओर था। कहा तो यह भी जा रहा है कि मॉस्को व बीजिंग पर रणनीतिक प्रभाव स्थापित करने के लिए यह ट्रंप का महज एक रणनीतिक कदम है। अमेरिका ने आखिरी बार पूर्ण पैमाने पर परमाणु परीक्षण 1992 में किया था। इसके बाद 1996 में पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने किसी भी तरह के परीक्षण पर प्रतिबंध लगा दिया था। अब 33 साल के लंबे अंतराल के बाद ट्रंप ने परमाणु हथियार का परीक्षण कर दुनिया को अमेरिकी धमक से परिचित करवाया है। हाल के दिनों में जिस खतरनाक ढंग से दुनिया के सबसे बड़े परमाणु शस्त्रागार वाले देशों के बीच अचानक तनाव बढ़ा है, उसमें अमेरिका का यह कदम चिंता बढ़ाने वाला है। पिछले दिनों जब यूक्रेन युद्ध को रोकने के तमाम प्रयासों के असफल होने से तमतमाए ट्रंप ने हंगरी में पुतिन के साथ होने वाली वार्ता को रद्द करने का ऐलान किया, उसके बाद से ही इस बात की आशंका व्यक्त की जा रही थी कि रूस पर युद्ध रोकने का दबाव बनाने के लिए अमेरिका की ओर से कुछ 'बड़ा कदम' उठाया जा सकता है। सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या यह परीक्षण यूक्रेन युद्ध को रोकने में विफल रहे ट्रंप की हताशा का परिणाम है। पिछले तीन दशक में न तो मॉस्को ने और न ही बीजिंग ने किसी तरह का परीक्षण किया है। अब मास्को की घोषणा के बाद बीजिंग भी देर-सबेर इसकी घोषणा कर सकता है। दुनिया पहले ही परमाणु हथियारों के ढेर पर है। चीन, फ्रांस, यूनाइडेट किंगडम, भारत, पाकिस्तान, उत्तर कोरिया और इजरायल को छोड़ दे तो भी अकेला अमेरिका और रूस के पास परमाणु हथियारों का बड़ा जखीरा है।

बताया जा रहा है कि रूस के पास अमेरिका की तुलना में न केवल अधिक परमाणु हथियार हैं बल्कि उसकी परमाणु तैयारी भी बेहतर है। ऐसे में अपनी-अपनी परमाणु ताकत दिखाने को उत्सुक ट्रंप और पुतिन के बयानों से साफ है कि संपूर्ण मानव जाति को खतरे में डालने वाली खतरनाक प्रतिस्पर्धा फिर से शुरू होने वाली है। हालांकि अब दुनिया वैसी नहीं है , जैसी 6 दशक पहले थी। लेकिन फिर भी महाशक्तियों को इस बात को नहीं भूलना चाहिए कि तात्कालिक रणनीतिक लाभ हासिल करने के लिए परमाणु परीक्षण के इस्तेमाल का विचार खतरनाक भी साबित हो सकता है।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## पूजा वह है, जो परिपूर्णता से उत्पन्न हो



संकलित
दर्शन

यजमान को देश-काल के सातत्य में उसके जन्म के नक्षत्र, जन्म राशि, पैतृक वंश, गोत्र, पूरा नाम, पिता का नाम आदि द्वारा भी परिभाषित किया जाता है। इसके बाद यजमान द्वारा संकल्प लिया जाता है। वस्तुतः संकल्प कभी लिया नहीं जाता, बल्कि उसे छोड़ दिया जाता है या भगवान के चरणों में समर्पित कर दिया जाता है। जब यजमान पूर्ण विश्वास के साथ अपना संकल्प देवत्व के चरणों में छोड़ देता है कि जो भी उसके लिए सही होगा, वह अवश्य होगा, वह पूजा में बैठने के योग्य हो जाता है। पूजा वह है, जो परिपूर्णता से उत्पन्न होती है। जब आप अपनी सभी इच्छाओं, सभी परेशानियों और शिकायतों को दिव्यता के चरणों में छोड़ देते हैं, तभी आप परिपूर्ण प्रतीत कर सकते हैं। तभी आप पूजा में बैठने लायक बन सकेंगे। तभी आप पूजा का हिस्सा बन सकते हैं। रुद्र पूजा में शिव-तत्व का उसकी पूरी भव्यता के साथ आह्वान किया जाता है। भक्त मंत्रों की तरंगों में डूब जाते हैं। मन ध्यान की अवस्था में पहुंच जाता है। संपूर्ण वातावरण शिव-तत्व से आवेशित हो जाता है। भक्त शिव-तत्व के साथ एक हो जाते हैं। शिव वह परोपकारी ऊर्जा हैं, जो परिवर्तन करती है और बाधाओं को दूर करती है। संकल्प आसानी से सर्वव्यापी दिव्यता तक संप्रेषित हो जाते हैं और उस सर्वव्यापी, सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान दिव्यता के लिए कुछ भी असंभव नहीं है। सभी हितकारी मनोरथ फलदायी होते हैं। सारी बाधाएं दूर हो जाती हैं। जीवन गतिमान होता है।

## जब मन अशांत हो तो कोई बड़ा निर्णय न लें



संकलित
प्रेरणा

गौतम बुद्ध शिष्यों के साथ यात्राएं करते रहते थे। यात्रा में जगह-जगह ठहरते भी थे। एक बार बुद्ध शिष्यों के साथ यात्रा कर रहे थे तो उनके शिष्य चलते-चलते थक चुके थे। बुद्ध के शिष्यों ने कहा कि तथागत हमें कुछ देर विश्राम करना चाहिए, हम थक चुके हैं। शिष्यों की बात मानकर बुद्ध एक छायादार पेड़ के पास रुक गए। बुद्ध ने शिष्य आनंद से कहा कि मुझे प्यास लगी है, पास में ही एक झरना बहता दिख रहा है। तुम वहां जाकर पीने का पानी ले आओ। बुद्ध की आज्ञा पाकर आनंद झरने के पास पहुंच गया। झरने के पास आनंद ने देखा कि पानी में से एक बैलगाड़ी गुजर रही है। बैलगाड़ी की वजह से पानी बहुत गंद हो गया था। नीचे की मिट्टी ऊपर दिखने लगी है। गंदा पानी देखकर आनंद बुद्ध के पास लौट आया। आनंद ने बुद्ध से कहा कि तथागत वहां का पानी तो बहुत ज्यादा गंदा है। इसलिए मैं लेकर नहीं आया। बुद्ध ने आनंद से कहा कि तुम कुछ देर बाद फिर जाना और इस बार भी पानी गंदा दिखे तो कुछ देर वहीं बैठ जाना, साफ पानी मिल जाएगा। बुद्ध की बात मानकर आनंद पानी के पास पहुंच गया। पानी गंदा दिखा तो वह तालाब के किनारे पर ही बैठ गया। थोड़ी देर बाद पानी की हलचल शांत हो गई, धीरे-धीरे मिट्टी नीचे बैठ गई, ऊपर बहता पानी एकदम साफ हो गया। आनंद पानी लेकर बुद्ध के पास पहुंच गया। बुद्ध ने पानी पीने के बाद सभी शिष्यों से कहा कि हमारे जीवन में भी कई बार ऐसी ही परिस्थितियां बनती हैं, जब हमारा मन गंदे पानी की तरह अशांत हो जाता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### नीतीश की आगे की राह

नीतीश कुमार का बिहार की सत्ता पर लंबे समय से लगातार विराजमान होने पर सभी के अपने-अपने विचार हो सकते हैं। नीतीश कुमार देश की राजनीति के बेशक दिग्गज खिलाड़ी हैं, लेकिन वह भी दल बदलने में माहिर हैं। वह समय समय पर दल बदलकर बिहार से लेकर दिल्ली तक राजनीति में हलचल मचा देते हैं। उन्होंने जनता दल से रुठ कर समता दल बनाया, फिर जनता दल यूनाइटेड, कभी भाजपा में शामिल हुए तो कभी भाजपा से नाराजगी, कभी कांग्रेस की तरफ, शायद इनका झुकाव रहा। नीतीश कुमार ऐसा क्यों करते हैं, यह तो वो ही अच्छी तरह जानते हैं, लेकिन फिर भी इनकी फिर से जीत यह भी सवाल खड़े करती है कि बिहार ने इन पर भरोसा किया या फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जादू बरकरार रहा? नीतीश के सामने चुनौती अब यह है कि उन्हें जनता से किए वादे निभाने हैं। **- प्रमोद जोशी**, राजनांदगांव

## ट्रेंड

### कृषि सहयोग पर चर्चा



इज़राइल के कृषि एवं खाद्य सुरक्षा मंत्री एवी डिचर से मिलकर खुशी हुई। कृषि में हमारे मज़बूत सहयोग को और मज़बूत करने के तरीकों पर चर्चा की, जिसमें सटीक खेती, ड्रिप सिंचाई, रेगिस्तानी कृषि और टिकाऊ कृषि पद्धतियों में इज़राइल की विशेषज्ञता का लाभ उठाया जा सके।
**-पीयूष गोयल, केंद्रीय उद्योग मंत्री**

### नए श्रम कानून



नए श्रम कानून के तहत अब टेक्सटाइल वर्कर्स, एक्सपोर्ट सेक्टर, आईटी सेक्टर, तथा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों समेत सभी श्रमिकों के अधिकार और सुरक्षा को मज़बूती मिली है। श्रमिकों के सम्मान और भविष्य की सुरक्षा के लिए ऐतिहासिक फैसला।
**-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय मंत्री**

### पायलट के निधन से दुःख



दुबई एयर शो में तेजस विमान दुर्घटना में हमारे बहादुर भारतीय वायुसेना पायलट के निधन से गहरा दुःख हुआ है। उनके परिवार के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। राष्ट्र उनके साहस और सेवा का सम्मान करते हुए उनके साथ खड़ा है।
**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### पहली अटल कैंटीन



दिल्ली से किया एक और वादा पूरा होने जा रहा है। आज पहली अटल कैंटीन की नींव रखी गई है। जल्द ही 100 अटल कैंटीनें जरूरतमंदों को मात्र 5 रुपये में पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए शुरू होंगी।
**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

## करंट अफेयर

# दुनिया को मिलकर जलवायु संबंधी वित्त बढ़ाने की जरूरत



पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने यहां कहा कि भारत जलवायु कार्रवाई के हिस्से के तौर पर घरेलू अनुकूलन के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन वैश्विक खाई बढ़ने के चलते जलवायु अनुकूलन संबंधी वित्त को बढ़ाने की जरूरत है। यादव ने यह भी कहा कि जलवायु संबंधी वार्षिक शिखर सम्मेलन 'सीओपी 30' को एक साफ राजनीतिक संदेश देना चाहिए कि ''अनुकूलन कोई वैकल्पिक उपाय नहीं, बल्कि एक जरूरी निवेश है।'' उन्होंने जारी 'यूएन सीओपी 30' शिखर सम्मेलन में बृहस्पतिवार को अनुकूलन पर 'बाकू उच्चस्तरीय संवाद' में अपने संबोधन के दौरान कहा, ''वर्ष 2025 की अनुकूलन अंतराल रिपोर्ट का अनुमान है कि विकासशील देशों को 2035 तक सालाना 310-365 अरब अमेरिकी डॉलर की जरूरत होगी, जबकि अभी केवल 26 अरब अमेरिकी डॉलर मिल रहे हैं।'' यादव ने चिंता जताई कि अगर मौजूदा रुझान जारी रहा तो सार्वजनिक अनुकूलन वित्त को 2019 के स्तर से दोगुना करके 2025 तक लगभग 40 अरब अमेरिकी डॉलर करने का 'ग्लासगो जलवायु समझौते' का लक्ष्य शायद पूरा नहीं हो पाएगा। पर्यावरण मंत्री ने कहा, ''बाकू से बेलेम रोडमैप में बताए गए 1.3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के स्तर तक जलवायु वित्त को बढ़ाने के लिए दुनिया भर को मिलकर कोशिश करनी होगी।''

## ऑफ बीट

# पालतू बिल्ली से एलर्जी का खतरा क्यों ज्यादा होता है



अगर आपने अपने घर में बिल्ली पाल रखी है, तो सावधान हो जाएं। पालतू बिल्लियां धूल के कणों के बाद एलर्जी उभरने की दूसरी सबसे बड़ी वजह हैं। लेकिन, पालतू बिल्लियों से एलर्जी का वास्तविक स्रोत क्या है? और क्या बिल्लियों की कुछ नस्लें एलर्जी के लिहाज से ज्यादा संवेदनशील होती हैं? बिल्लियों से एलर्जी को लेकर कई भ्रम और गलतफहमियां हैं। आइए, इनमें से कुछ को दूर करें। बाल जिम्मेदार नहीं-आम धारणा के विपरीत बिल्ली के बाल लोगों में एलर्जी के लिए जिम्मेदार नहीं होते। अलबत्ता, बिल्ली की लार और त्वचा की ग्रंथियों में पैदा होने वाला प्रोटीन 'फेल डी 1' एलर्जी के खतरे को बढ़ावा देता है। यूं तो बिल्लियों के शरीर में एलर्जी के लिए जिम्मेदार आठ कण का उत्पादन होता है, लेकिन विभिन्न अध्ययनों में 'फेल डी 1' को इनमें सर्वाधिक घातक पाया गया है। 'फेल डी 1' एक सूक्ष्म प्रोटीन है, जो कपड़ों और अन्य सतहों से आसानी से चिपक जाता है। यह हवा में भी लंबे समय तक सक्रिय रह सकता है, जिससे इसके श्वास के रास्ते शरीर में प्रवेश करने की आशंका रहती है। विभिन्न अध्ययनों से पता चला है कि 'फेल डी 1' उन घरों में भी मौजूद हो सकता है, जहां बिल्लियां नहीं होतीं। बिल्ली की लार के माध्यम से इस प्रोटीन के कण उसके बालों और त्वचा पर आ सकते हैं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

देशभर में नई श्रम संहिताएं लागू सामाजिक न्याय की सुरक्षा दी

# केंद्र सरकार ने श्रमिकों को सम्मान, सुरक्षा और अधिकार की गारंटी दी

## केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मांडविया ने दी जानकारी

## कार्यबल के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री का असाधारण निर्णय बताया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को बताया कि मोदी सरकार की गारंटी अब देश के हर श्रमिक के सम्मान और अधिकारों को सुनिश्चित करने के रूप में सामने आई है। उन्होंने बताया कि देशभर में नए श्रम संहिताओं को लागू कर दिया गया है, जो श्रमिकों के जीवन, समृद्धि और सुरक्षा को मजबूत आधार प्रदान करने के लिए एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। उन्होंने बताया कि ये सुधार मात्र नीतिगत परिवर्तन नहीं, बल्कि कार्यबल के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उठाया गया असाधारण निर्णय है।



केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने केंद्र सरकार के निर्णय की जानकारी दी।

### प्रधानमंत्री ने लिखा- श्रमेव जयते

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, श्रमेव जयते, आज हमारी सरकार ने 4 श्रम संहिताओं को लागू कर दिया है। यह आज़ादी के बाद से सबसे व्यापक और प्रगतिशील श्रम-उन्मुख सुधारों में से एक है। यह कर्मचारियों को अत्यधिक सशक्त व अनुपालन को भी सरल बनाता है और 'कारोबार में आसानी' को बढ़ावा देता है। एक अन्य पोस्ट में पीएम मोदी ने कहा कि ये संहिताएं सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा, न्यूनतम और समय पर मजदूरी भुगतान, सुरक्षित कार्यस्थल और हमारे लोगों, विशेषकर नारी शक्ति और युवा शक्ति के लिए लाभकारी अवसरों के लिए एक मजबूत आधार के रूप में काम करेंगी। उन्होंने एक्स पर कहा कि यह एक भविष्य-तैयार पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करेगा जो श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करेगा और भारत की आर्थिक वृद्धि को मज़बूत करेगा।



### मांडविया ने लिखा- मोदी सरकार की गारंटीः हर श्रमिक का सम्मान

मांडविया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, मोदी सरकार की गारंटीः हर श्रमिक का सम्मान। मांडविया ने कहा कि आज से देश में नई श्रम संहिताएं लागू हो गई हैं। उन्होंने बताया कि इसमें सभी कामगारों को समय से न्यूनतम वेतन की गारंटी, युवाओं को नियुक्ति पत्र की गारंटी, महिलाओं को समान वेतन और सम्मान की गारंटी, 40 करोड़ श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा की गारंटी, फिक्स टर्म एम्प्लॉइज को एक साल बाद ग्रेच्युटी की गारंटी, 40 साल से अधिक आयु वाले श्रमिकों को सालाना मुफ्त हेल्थ चेक-अप की गारंटी, ओवरटाइम करने पर दोगने वेतन की गारंटी, जोखिम-भरे क्षेत्रों के कामगारों को 100 फीसदी हेल्थ सिक्योरिटी की गारंटी और इंटरनेशनल मानकों के मुताबिक श्रमिकों को सामाजिक न्याय की गारंटी मिलेगी।

### ये आत्मनिर्भर भारत की दिशा में अहम कदम

उन्होंने आगे कहा कि यह सुधार सिर्फ बदलाव भर नहीं है बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा श्रमवीरों के कल्याण के लिए लिया गया एक ऐतिहासिक निर्णय है। ये नए श्रम सुधार आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को नई गति प्रदान करेंगे।


### मंत्रालय ने लेबर लैंडस्केप में एक बड़ा बदलाव कहा

मिनिस्ट्री ऑफ लेबर एंड एम्प्लॉयमेंट ने एक्स पोस्ट में लिखा, भारत के लेबर लैंडस्केप में एक बड़ा बदलाव। सरकार ने चार लेबर कोड लागू किए हैं जो 29 कानूनों को एक आसान, ट्रांसपेरेंट और भविष्य के लिए तैयार फ्रेमवर्क में जोड़ते हैं, जिससे वर्कर्स को मजबूती मिलती है और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलता है।

---

## खबर संक्षेप

### बंगाल में लगे भूकंप के तेज झटके



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में शुक्रवार सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस हुए हैं, इसकी तीव्रता 5.6 दर्ज की गई है। भूकंप का केंद्र बांग्लादेश के दुंगी में था, लेकिन झटके कोलकाता तक महसूस किए गए। सुबह 10 बजकर 10 मिनट पर भूकंप के झटके लगे और लोग डरे-सहमे घर से बाहर निकले। किसी नुकसान की खबर नहीं है।

### बिहार महिला कांग्रेस की अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा



**पटना।** बिहार में बेहद खराब चुनावी प्रदर्शन के बाद बिहार महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सरवत जहां फातमा ने शुक्रवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने वजह बताई है कि टिकटों के बंटवारे में उनकी अनदेखी की गई। फातमा ने नेतृत्व और बिहार कांग्रेस के बड़े नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

### महाराष्ट्र में बच्ची ने छत से कूदकर दी जान



**जालना।** महाराष्ट्र के जालना में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। सीटीएमके गुजराती विद्यालय में पढ़ने वाली 13 वर्षीय 8वीं की छात्रा आरोही दीपक बिटलान ने स्कूल की छत से कूदकर जान दे दी। मृतक छात्रा के माता-पिता ने शिक्षकों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने उत्पीड़न और प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं।

### अजमेर में अभिभावकों को मिल रही धमकी



**अजमेर।** प्रतिष्ठित मयूर स्कूल में बिजनेसमैन के 17 वर्षीय बेटे के साथ कथित रूप से क्लासमेट्स द्वारा दो बार मारपीट और अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। परिजनों का दावा है। 3 वीडियो भी सामने आए हैं, जिनमें आरोपी पीटते, उठक-बैठक करा माफी को मजबूर करते दिखाई दे रहे हैं।

---

## बंगाल की मुख्यमंत्री के ईसी को भेजे पत्र पर बोले विपक्ष के नेता सुवेंदु

एसआईआर प्रक्रिया पर बंगाल में बवाल मचा

# ममता के चुनाव आयोग को भेजे पत्र का मकसद केवल लोगों में भ्रम फैलाना

## बंगाल की सरकार गैरकानूनी और अयोग्य मतदाताओं को बचा रही

एजेंसी ⏭ कोलकाता/नई दिल्ली

**भाजपा ने सीएम ममता पर लगाया बड़ा आरोप**

पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने एसआईआर को लेकर मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी की ओर से चुनाव आयोग को भेजे गए पत्र के जवाब में चुनाव आयोग को अपना पत्र सौंपा है। गुरुवार को लिखे अपने इस पत्र में अधिकारी ने आरोप लगाया कि ममता का संदेश चुनाव आयोग के सांविधानिक अधिकार को कमजोर करने की सोची-समझी कोशिश है। उन्होंने दावा किया कि इस पत्र का मकसद चुनाव अधिकारियों के बीच भ्रम फैलाना और उन मतदाताओं को बचाना है जिन्हें वे गैरकानूनी और अयोग्य बता रहे हैं। अधिकारी ने लिखा कि मुख्यमंत्री का पत्र एसआईआर प्रक्रिया पर रचनात्मक सुझाव देने के बजाए चुनाव आयोग की सांविधानिक भूमिका को चुनौती देने वाला है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कदम चुनाव अधिकारियों के बीच मतभेद पैदा करने और ऐसे वोट बैंक को बचाने की कोशिश है, जिसमें 'अयोग्य और अवैध तत्व' शामिल हैं, जिन्हें उनकी पार्टी वर्षों से चुनावी फायदा उठाने के लिए बढ़ावा देती रही है। अधिकारी ने कहा कि यह केवल प्रशासनिक मुद्दा नहीं है, बल्कि देश के लोकतांत्रिक सिद्धांतों पर सीधा हमला है।

### अवैध वोट बैंक को बचाने की कोशिश हो रही



बंगाल में भाजपा के वरिष्ठ नेता सुवेंदु अधिकारी

भाजपा के वरिष्ठ नेता सुवेंदु ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पत्र लिखकर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता पर निर्वाचन आयोग को 'कमजोर' करने और 'एक अवैध वोट बैंक को बचाने' की कोशिश करने का आरोप लगाया, जिसे उनकी पार्टी ने 'वर्षों तक पोषित' किया।

### एसआईआर की समीक्षा होगीः ममता

### चुनाव आयोग को फिर लिखा पत्र

टीएमसी 24 नवंबर को एक आंतरिक बैठक करेगी, जिसकी अध्यक्षता पार्टी के महासचिव अभिषेक बेनर्जी करेंगे। इस बैठक का मकसद एसआईआर की समीक्षा और यह सुनिश्चित करना होगा कि सूची में कोई भी नाम छूट न जाए। पार्टी 25 नवंबर को एसआईआर के खिलाफ रैली भी आयोजित कर सकती है। ममता ने एसआईआर पर गंभीर चिंता जताई है और ईसी से दखल देने की अपील की है। उन्होंने पुराने पत्र को भी एक्स पर साझा किया।उन्होंने इस पूरी प्रक्रिया को 'योजना विहीन, अव्यवस्थित और खतरनाक' बताया।



**बीएलओ को ऑनलाइन डेटा भरने में दिक्कतें आ रहीं**

ममता ने बताया कि बीएलओ भारी दबाव में काम कर रहे हैं। उन्होंने ऑनलाइन डाटा भरने में दिक्कतें आ रही हैं, सर्वर ठीक से काम नहीं कर रहा और प्रशिक्षण भी पर्याप्त नहीं दिया गया। जिम्मेदारी, कम समय, तकनीकी दिक्कतों से मतदाता डेटा गलत होने का खतरा बढ़ गया है।

### शक्तियों के विभाजन के सिद्धांतों को सुप्रीम कोर्ट के आदेश ने मजबूत बनायाः राज्यपाल



राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का वह हालिया आदेश भारतीय संविधान में शक्तियों के विभाजन के सिद्धांत को और मजबूत करता है, जिसमें यह स्पष्ट किया गया है कि अदालतें राष्ट्रपति और राज्यपालों को किसी विधेयक पर हस्ताक्षर करने के लिए समय सीमा तय नहीं कर सकतीं।

ईसी ने शुरू की चुनाव की तैयारी

### अब ईवीएम पर दिखेगी उम्मीदवार की तस्वीर

बंगाल में एसआईआर के बीच चुनाव आयोग ने राज्य में चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। आयोग ने ईवीएम की जांच और मतदान अभ्यास शुरू करने का कार्यक्रम तय किया है। उप चुनाव आयुक्त ज्ञानेश भारती ने कई प्रथम स्तर की जांच टीम के सदस्यों के साथ बैठक की, जिसमें उन्होंने जारी एसआईआर, ईवीएम और वीवीपीएटी की उपलब्धता सुनिश्चित करने सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की। राज्य चुनाव आयुक्त के पास सभी मशीनों का पर्याप्त भंडार मौजूद है। केंद्रीय चुनाव आयोग ने नए नियम लागू किया है कि इस बार प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में उम्मीदवार की तस्वीर भी दिखाई जाएगी।

एसआईआर में गफलत

### ईसी ने 7 बीएलओ को भेजा कारण बताओ नोटिस



ईसीआई ने कोलकाता के बेलियाघाटा निर्वाचन क्षेत्र के 7 बीएलओ को एसआईआर के गणना प्रपत्र के डिजिटलीकरण की प्रक्रिया में खामियों का हवाला देते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। बंगाल के मुख्य चुनाव अधिकारी ने जानकारी दी है।

---

एआईसीसी एसटी विभाग के अध्यक्ष विक्रांत का मप्र सरकार पर आरोप, आदिवासियों को सिस्टम से बाहर करने तुली राज्य सरकार

# मप्र में 121 जज बहाली से आदिवासी आउट, जंगल और जमीन छीनी जा रही

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



कांग्रेस ने मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की सिविल जज परीक्षा में एक भी आदिवासी का चयन न होने को भाजपा सरकार की आरक्षण खत्म करने की सुनियोजित साजिश बताया है। साथ ही एसआईआर के जरिए आदिवासियों को मतदान के अधिकार से वंचित करने के षड्यंत्र और सिंगरौली में अडानी की कोल माइन के लिए हजारों पेड़ काटे जाने का मुद्दा उठाते हुए तीखा हमला बोला है।

इंदिरा भवन स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए आदिवासी विभाग के अध्यक्ष डॉ. विक्रांत भूरिया ने आदिवासी समाज के खिलाफ संस्थागत भेदभाव, उनके मताधिकार से वंचित होने के खतरे और कॉरपोरेट संरक्षणवादी नीतियों से उनके हितों को होने वाले नुकसान पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आज आदिवासी समाज न्याय, पहचान और अस्तित्व तीनों मोर्चों पर हमलों का सामना कर रहा है।

### 2021 के बाद से एक भी आदिवासी सिविल जज नहीं बना

भूरिया ने बताया कि मध्य प्रदेश में दो करोड़ के करीब आदिवासी हैं। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की 2022 सिविल जज परीक्षा में कुल 191 पदों में से 121 पद एसटी वर्ग के लिए आरक्षित थे। परिणाम आया तो एसटी कैटेगरी से एक भी आदिवासी का चयन नहीं हुआ। एससी कैटेगरी से भी सिर्फ एक चयन हुआ। 2021 के बाद से एक भी आदिवासी सिविल जज नहीं बना।

### आरक्षण खत्म करना सुनियोजित साजिश

डॉ. भूरिया ने इसे आरक्षण को खत्म करने की सुनियोजित साजिश बताया और कहा कि लगातार चार साल खाली रहने पर आरक्षित सीटें सामान्य वर्ग में चली जाती हैं। उन्होंने मांग की कि परीक्षा रद्द हो, उच्च स्तरीय जांच हो और दोबारा परीक्षा कराई जाए।

### एसआईआर में आदिवासी मतदान से वंचित

डॉ. भूरिया ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान आदिवासियों के वोटर लिस्ट से नाम कटने के खतरे का उल्लेख करते हुए कहा कि देश के अधिकांश आदिवासी क्षेत्रों में 70 प्रतिशत से ज्यादा गांव खाली पड़े हैं, क्योंकि लोग रोजगार के लिए पलायन कर चुके हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण का काम ठीक उस समय कराया जा रहा है, जब आदिवासी मजदूरी के लिए बाहर गए हैं और एसआईआर प्रक्रिया खत्म होने से पहले वापस नहीं आएंगे। घरों में सिर्फ बुजुर्ग और बच्चे बचे हैं, जिनके पास न दस्तावेज हैं, न आपत्ति दर्ज कराने की क्षमता। डॉ. भूरिया ने इसे आदिवासियों को मतदान के अधिकार से वंचित करने की सोची-समझी साजिश बताया और कहा कि उन्हें कांग्रेस का समर्थन करने की सजा दी जा रही है। उन्होंने आदिवासियों के लिए एक प्रवासी नीति बनाए जाने की भी मांग की।

### सरकार अडानी की गुलाम बनी

डॉ. भूरिया ने सिंगरौली में अडानी कोल माइन के लिए जंगल काटने और आदिवासियों पर पुलिस के अत्याचार का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के सिंगरौली में अडानी की कोल माइन के लिए हजारों पेड़ काटे जा रहे हैं। उन्होंने इसे वन अधिकार क़ानून और पेसा कानून का खुला उल्लंघन बताया। उन्होंने कहा कि पूरे इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया गया है, 1500 से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात हैं। हजारों आदिवासियों को नोटिस भेजे जा रहे हैं। विरोध करने वाले लोगों को जिला बदर किया जा रहा है, जेल में डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिस पुलिस का उपयोग आतंकवादी हमले रोकने के लिए किया जाना चाहिए, उसे आदिवासियों के खिलाफ खड़ा कर दिया गया है। सरकार अडानी की गुलाम बन चुकी है।

---

### पंचमहल में घर में आग लगने से 4 लोगों की मौत



**पंचमहल।** गुजरात के पंचमहल के गंगोत्री नगर में एक घर में आग लगने से 4 लोगों की मौत हो गई। गोदरा के सिविल अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी संदीप शर्मा ने कहा, शुक्रवार सुबह घर में आग लग गई। 4 लोगों को सिविल अस्पताल ले जाया गया। जांच करने पर पता चला कि सभी की मौत हो चुकी थी।

# भाजपा का कांग्रेस पर निशाना बैचेलेट को पुरस्कार देने पर घेरा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को कांग्रेस पर निशाना साधाते हुए कहा कि इंदिरा गांधी शांति, निरस्त्रीकरण और विकास पुरस्कार 2024 गलत हाथों में दिया गया है। भाजपा के प्रवक्ता गौरव भाटिया ने शुक्रवार को नई दिल्ली में संवाददाताओं से कहा कि इंदिरा गांधी शांति, निरस्त्रीकरण और विकास पुरस्कार 2024 का आयोजन हुआ और (कांग्रेस नेता) सोनिया गांधी की मौजूदगी में यह पुरस्कार चिली की पूर्व राष्ट्रपति मिशेल बैचेलेट को दिया गया। जिन्हें पुरस्कार दिया गया है, वह भी भारत की संप्रभुता पर हमला करती रही हैं।

भाटिया ने कहा कि जैसे कांग्रेस का डीएनए भारत-विरोधी है, कुछ दिन पहले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बताया था कि कांग्रेस का डीएनए अब मुस्लिम-माओवादी कांग्रेस जैसा हो गया है। उन्होंने कहा कि जब भारत की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी माओवादी संगठन की तरह काम करने लगे और विदेश में अपना नेटवर्क फैलाए, तो यह बहुत चिंता की बात है। उन्होंने आरोप लगाया कि मिशेल बैचेलेट ने मानवाधिकार परिषद के 42वें सत्र में कहा था कि कश्मीर में मानवाधिकारों का उल्लंघन हो रहा है और अनुच्छेद 370 में संशोधन नहीं होना चाहिए। सोनिया गांधी ने मिशेल बैचेलेट को इंदिरा गांधी शांति, निरस्त्रीकरण और विकास पुरस्कार प्रदान किया। गौरव भाटिया ने कहा कि सोनिया गांधी ने इस पुरस्कार को देकर हर भारतीय का अपमान किया है। उन्होंने यह भी कहा कि मिशेल बैचेलेट भारत की नागरिक भी नहीं हैं, फिर भी उन्होंने सीएए के खिलाफ याचिका दायर की और दावा किया कि यह कानून मानवाधिकारों को नुकसान पहुंचाएगा।

### मणिपुर में संगाई महोत्सव को लेकर पथराव, लाठीचार्ज



**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल ईस्ट जिले में संगाई महोत्सव का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों ने हिंसक रूप लेते हुए सुरक्षा बलों पर पथराव कर दिया। सुरक्षा बलों ने स्थिति को नियंत्रित करने लाठी चार्ज और आंसू गैस के गोले छोड़े। सीओसीओएमआई राज्य सरकार के पर्यटन महोत्सव का विरोध कर रही है।
प्रदर्शनकारी उत्सव स्थल जा रहे थे तभी पथराव हो गया। सुरक्षा बलों को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि झड़प की वजह से उनमें से कुछ को मामूली चोटें आईं।

---

# मांगों पर प्रशासन के आश्वासन के बाद आमरण अनशन खत्म

एजेंसी ⏭ शिमला





संजौली में विवादित मस्जिद का विवाद थम नहीं रहा। शुक्रवार को देवभूमि संघर्ष समिति के आह्वान पर हिंदू संगठनों पदाधिकारियों ने संजौली में जमकर नारेबाजी की। मांगों को लेकर दोपहर प्रशासन व समिति पदाधिकारियों के बीच बैठक हुई। इसमें प्रशासन ने समिति की मांगों पर सहमति जताई। बैठक में प्रदर्शनकारियों पर दर्ज एफआईआर वापस लेने के साथ विवादित ढांचे की बिजली काटने पर सहमति बनी। अब प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि इस पूरे मामले को लेकर एक संयुक्त कमेटी बनाई जाएगी। मामले में अगली बैठक 29 नवंबर को होनी है। मांगों को लेकर समिति के पदाधिकारी पिछले तीन दिन से आमरण अनशन पर बैठे रहे। प्रशासन के आश्वासन के बाद समिति ने शुक्रवार को आमरण अनशन खत्म कर दिया। कुछ हिंदू संगठन कार्यकर्ता बिजली-पानी कनेक्शन काटने की मांग पर अड़े रहे। जमकर नारेबाजी हुई। करीब 10 मिनट तक चक्काजाम भी हुआ। लोगों ने कहा कि जब तक विवादित ढांचे की बिजली-पानी काटने के आदेश नहीं होते, तब तक धरना खत्म नहीं होगा।

---

संघ के वरिष्ठ प्रचारक डॉ. मनमोहन वैद्य की पुस्तक 'हम और यह विश्व' के विमोचन समारोह में पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा

# वैश्विक मंच पर एक मजबूत, आत्मविश्वासी व निर्णायक देश के रूप में उभर रहा है भारत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

'हम और यह विश्व' सिर्फ एक पुस्तक नहीं, बल्कि भारत के गौरवशाली अतीत का दर्पण और भविष्य निर्माण की दिशा दिखाने वाला ग्रंथ है। यह पुस्तक आठ वर्षों के अनुभवों का संग्रह है, जिसमें पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी पर दो महत्वपूर्ण लेख भी शामिल हैं।

आज का भारत तेजी से बदल रहा है, हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है और विश्व मंच पर एक मजबूत, आत्मविश्वासी और निर्णायक देश के रूप में उभर रहा है। अंग्रेजी में वक्तव्य देते हुए बोले कि मैं अंग्रेजी में इसलिए बोल रहा हूं ताकि जो लोग देश की सकारात्मक छवि को समझना नहीं चाहते, वे भी स्पष्ट और सीधे शब्दों में भारत के वास्तविक स्वरूप से परिचित हों। यह बात पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कही। रवींद्र भवन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक डॉ.

### डॉ. वैद्य ने कहा- भारत को जानें, भारत को मानें, भारत के बनें और फिर भारत को बनाएं



विमोचन करते हुए

मनमोहन वैद्य की पुस्तक 'हम और यह विश्व' का विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भारत की मूल अवधारणा, आत्मगौरव, सांस्कृतिक चेतना और अध्ययनशील परंपरा पर व्यापक चर्चा हुई।

### डॉ. वैद्य बोले- संघ को लेकर समाज में संवाद की गहरी उत्सुकता

*डॉ. मनमोहन वैद्य ने कहा कि भारत को बनाने से पहले आवश्यक है कि हम पहले भारत को मानें, उसके बाद भारत को जानें, फिर भारत के बनें और उसके बाद भारत को बनाएं। उन्होंने अपने संबोधन की शुरुआत उस अनुभव से की जिसने उन्हें लेखन की ओर प्रेरित किया। संघ के तृतीय वर्ष प्रशिक्षण वर्ग में जब प्रणब मुखर्जी को संबोधन के लिए आमंत्रित किया गया था, तब कुछ लोगों ने बिना कारण विरोध किया। इस एक घटना ने उनको लिखने के लिए प्रेरित किया।*

**वेलफेयर स्टेट की अवधारणा भारत की अपनी अवधारणा नहीं**

डॉ. वैद्य ने भारत की अवधारणा पर चर्चा करते हुए कहा कि हमें उन कथनों को समझना होगा जो हमारी सोच को प्रभावित करते हैं। उन्होंने लोकप्रिय गीत सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तां हमारा की पंक्ति हम बुलबुले हैं इसके पर बताया कि ऐसे भाव हमें अपनी मूल चेतना से दूर करते हैं। उन्होंने कहा कि यह कहना गलत है कि भारत में सांस्कृतिक विविधता है। अपितु यह कहना अधिक सही है कि भारत की संस्कृति एक ही है जो विविध रूपों में प्रकट होती है।

## दूसरा टेस्ट मैच आज सुबह 9 बजे से गुवाहाटी में

# टेस्ट कप्तानी का डेब्यू करेंगे पंत, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उतरेंगे मैदान पर

श्रृंखला बराबर करने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी टीम इंडिया

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** पहले टेस्ट मैच में स्पिनरों के सामने नतमस्तक होने वाली भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 22 नवंबर से शुरू होने वाले दूसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में स्पिन पहेली को सुलझाकर श्रृंखला बराबर करने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी। शुभमन गिल की अनुपस्थिति में ऋषभ पंत के लिए नेतृत्व की चुनौती बेहद चुनौतीपूर्ण होगी। मुख्य कोच गौतम गंभीर के लिए तो और भी कठिन परीक्षा आने वाली है, जिनके अक्सर उलझाने वाले फैसलों ने ड्रेसिंग रूम और थिंक टैंक को स्पष्टता के लिए जूझने पर मजबूर कर दिया है। पिछले तीन दशकों से घरेलू मैदान पर खेलते हुए भारतीय टीमों की अजेय रहने की जो चमक रही है, वह वर्तमान टीम के सामने गायब हो गई है। यह पिछले कुछ वर्षों में पहला अवसर होगा जबकि भारतीय टीम घरेलू मैदान पर जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत नहीं करेगी। उसकी टीम कमजोर नजर आ रही है और क्रिकेट विशेषज्ञों के अनुसार यह अच्छी स्थिति नहीं है।



### टीमें इस प्रकार

**भारत:** ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), केएल राहुल, यशस्वी जयसवाल, साई सुदर्शन, ध्रुव जुरेल, रवींद्र जड़ेजा, वाशिंगटन सुंदर, नीतीश कुमार रेड्डी, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, देवदत्त पडिक्कल, आकाश दीप।

**दक्षिण अफ्रीका :** तेम्बा बावुमा (कप्तान), कॉर्बिन बॉश, डेवाल्ड ब्रेविस, टोनी डी जोरजी, जुबैर हमजा, साइमन हार्मर, मार्को जानसन, केशव महाराज, एडेन मार्करम, वियान मुल्डर, सेनुरान मुथुसामी, लुंगी एनगिडी, रयान रिकेल्टन, ट्रिस्टन स्टब्स और काइल वेरिन।

### टीम से रिलीज किए गए गिल जांच के लिए जाएंगे मुंबई

कप्तान शुभमन गिल को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के लिए रिलीज कर दिया गया। कोलकाता में पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में बल्लेबाजी करते समय गिल की गर्दन में अकड़न आ गई थी, जिसके कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती करना पड़ा था। बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने कहा, 'दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दौरान चोटिल होने वाले भारतीय कप्तान शुभमन गिल गुवाहाटी में होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में नहीं खेल पाएंगे।' उन्होंने कहा 'गिल को कोलकाता टेस्ट के दूसरे दिन गर्दन में चोट लग गई थी और दिन का खेल खत्म होने के बाद उन्हें जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया।

### पसली की चोट के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर रबाडा

दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा भारत के खिलाफ शनिवार से शुरू हो रहा दूसरा टेस्ट नहीं खेल पाएंगे चूंकि वह पसली की चोट से उबर नहीं सके हैं, जो उन्हें पहले टेस्ट से पूर्व अभ्यास सत्र में लगी थी। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा ने कहा,'कैगिसो दूसरा टेस्ट नहीं खेल सकेगा।'

### एकमात्र मैच में कप्तानी करना सर्वश्रेष्ठ स्थिति नहीं: पंत

आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने स्वीकार किया कि एकमात्र टेस्ट में कप्तानी करना सर्वश्रेष्ठ स्थिति नहीं है लेकिन वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच की कड़ी चुनौतियों के बारे में ज्यादा नहीं सोच रहे हैं। इस मैच से पहले नियमित कप्तान शुभमन गिल को चोटिल होने के कारण टीम से रिलीज कर दिया गया था, जिसके बाद पंत को कप्तानी सौंपी गई। पंत ने कहा, 'एक कप्तान के लिए एकमात्र मैच सबसे अच्छा विकल्प नहीं होता, लेकिन मैं बीसीसीआई का मुझे यह सम्मान देने के लिए आभार व्यक्त करता हूं। कभी-कभी अगर आप किसी बड़े मौके के बारे में बहुत ज़्यादा सोचते हैं, तो इससे कोई फायदा नहीं होता।' उन्होंने कहा, 'मैं ज्यादा सोचना नहीं चाहता। पहला टेस्ट मैच हमारे लिए कठिन था और हमें टेस्ट जीतने के लिए जो भी करना होगा हम वह करेंगे। पंत ने कहा कि टीम प्रबंधन ने पहले ही मैच के लिए गिल के स्थान पर खेलने वाले खिलाड़ी के बारे में फैसला कर लिया है, लेकिन उन्होंने नाम का खुलासा नहीं किया।

## स्मृति ने पलाश मुच्छल के संग की सगाई, कल बंधेंगी शादी के बंधन में



**नई दिल्ली।** महिला क्रिकेट टीम की स्टार खिलाड़ी स्मृति मंधाना ने संगीतकार पलाश मुच्छाल के साथ अपनी सगाई की घोषणा कर दी है, जिसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई लोगों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। इस आक्रामक बल्लेबाज का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह भारतीय टीम की अपनी साथी खिलाड़ियों राधा यादव, जेमिमा रोड्रिग्स, श्रेयांका पाटिल और अरुंधति रेड्डी के साथ बॉलीवुड की फिल्म लगे रहो मुन्ना भाई के गीत 'समझो हो ही गया' पर नृत्य कर रही हैं। इस दौरान वह मुस्कुराते हुए अपनी सगाई की अंगूठी को भी दिखा रही हैं। जेमिमा ने यह क्लिप इंस्टाग्राम पर साझा की है, जिसे अभी तक 19 लाख से ज़्यादा लाइक्स और 12,000 से ज़्यादा कमेंट्स मिल चुके हैं। मंधाना और मुच्छाल 23 नवंबर को शादी के बंधन में बंधेंगे। प्रधानमंत्री ने दम्पति को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि मंधाना की कवर ड्राइव की सुंदरता मुच्छाल की 'मधुर संगीतमय सिम्फनी' के साथ एक अद्भुत साझेदारी बनाएगी।

उत्तर रेलवे
खुली ई–निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल इंजीनियर – चतुर्थ, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | सहायक मंडल अभियंता जाखल, वरिष्ठ खंड अभियंता कार्य जाखल दतेवास (डी०टी० डब्ल्यू ०) रेलवे स्टेशन पर उच्च स्तरीय प्लेटफार्म का प्रावधान हेतु कार्य (निविदा संख्या 106-25-26-W-IV) |
| 2. | अनुमानित लागत | Rs. 4,01,02,927.44 |
| 3. | धरोहर राशि | Rs. 3,50,500.00 |
| 4. | ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | ई–निविदा भरने का समय कार्य 02.12.2025 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 16.12.2025 को 15:00 बजे |
| 5. | निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

पत्र संख्या 128–डब्लू/260/निविदा सूचना/NIT 106/25-26–डब्लू–4
दिनांक :– 21.11.2025 3631/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## 27 को डब्ल्यूपीएल की नीलामी, दीप्ति रेणुका समेत 277 खिलाड़ी लेंगी हिस्सा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की विश्व कप स्टार दीप्ति शर्मा समेत दुनिया भर के 277 खिलाड़ी 27 नवंबर को महिला प्रीमियर लीग में 73 स्थानों के लिए होने वाली नीलामी का हिस्सा होंगे। नीलामी पूल में शामिल खिलाड़ियों की घोषणा करते हुए डब्ल्यूपीएल की विज्ञप्ति में कहा गया कि 19 खिलाड़ियों ने 50 लाख की श्रेणी के लिए, 11 ने 40 लाख और 88 खिलाड़ियों ने 30 लाख की श्रेणी के लिए नाम दिए हैं। इसमें कहा गया,' नीलामी सूची में 194 भारतीय खिलाड़ी हैं, जिनमें 52 राष्ट्रीय और 142 घरेलू खिलाड़ी शामिल हैं। वहीं विदेशी खिलाड़ियों में 66 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर और 17 ऐसे क्रिकेटर शामिल हैं, जिन्होंने अपने देश के लिए नहीं खेला है। विदेशी खिलाड़ियों के लिए 23 स्थान उपलब्ध है।'

## शौर्य ने राइफल थ्री-पोजिशन में जीता रजत पदक


**टोकियो।** युवा निशानेबाज शौर्य सैनी ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री-पोजिशन में रजत पदक जीता, जिससे डेफलिम्पिक्स (बधिर ओलंपिक) की निशानेबाजी प्रतियोगिता में भारत का दबदबा कायम रहा। सैनी के दूसरे स्थान पर रहने के बाद भारत के निशानेबाजी में पदकों की संख्या 13 हो गई है, जिसमें चार स्वर्ण, छह रजत और तीन कांस्य पदक शामिल हैं। पिछले साल पेरू में आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में भाग लेने वाले 22 वर्षीय सैनी ने फाइनल में 450.6 का स्कोर बनाया और जर्मनी के मैथियास एरिक हेस से पीछे रहे।



## भारत को मिलेगी राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी : पीटी उषा

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा को पूरा यकीन है कि भारत को 26 नवंबर को ग्लास्गो में राष्ट्रमंडल खेल आमसभा की बैठक के दौरान 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी मिल जाएगी। उन्होंने कहा,' हम ग्लास्गो रवाना हो रहे हैं। मुझे पूरा यकीन है कि लोगों की उम्मीदें पूरी होंगी। दो तीन दिन इंतजर कर लें।' पिछले महीने राष्ट्रमंडल खेल कार्यकारी बोर्ड ने अहमदाबाद में इन खेलों के आयोजन की सिफारिश की थी। ग्लास्गो में होने वाली बैठक में अंतिम मंजूरी मिलेगी। अहमदाबाद के अलावा नाइजीरिया का अबुजा मेजबानी की दौड़ में है। राष्ट्रमंडल खेल को 2030 में सौ साल भी पूरे होने जा रहे हैं।

## ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में लक्ष्य, हमवतन शेट्टी को हराया



**सिडनी (एजेंसी)।** विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन ने हमवतन खिलाड़ी आयुष शेट्टी को सीधे गेम में हराकर आस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया लेकिन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष वरीय भारतीय पुरुष जोड़ी आगे बढ़ने में नाकाम रही। सातवीं वरीयता प्राप्त सेन ने 53 मिनट तक चले मुकाबले में 23-21, 21-11 से जीत हासिल कर अंतिम चार में प्रवेश किया, जहां उनका मुकाबला चीनी ताइपे के चोउ तिएन चेन से होगा, जो इस प्रतियोगिता में दूसरी वरीयता प्राप्त हैं। विश्व में नौवें स्थान पर काबिज और 2018 एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता चोउ ने एक घंटे 23 मिनट तक चले मैराथन मुकाबले में फरहान अल्वी को 13-21, 23-21, 21-16 से हराया। अल्वी ने पिछले दौर में भारत के एचएस प्रणय को हराया था।

## एशेज: पहले दिन गेंदबाजों का दबदबा, गिरे 19 विकेट, स्टार्क के बाद स्टोक्स का 'पंजा'

**पर्थ।** एशेज टेस्ट के पहले दिन तेज गेंदबाजों के दबदबे के बीच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली पारी में महज 172 रन पर सिमटने के बाद कप्तान बेन स्टोक्स के पांच विकेट से इंग्लैंड ने मजबूत वापसी की। पांच मैचों की श्रृंखला का पहला दिन उम्मीदों पर खरा उतरा, जहां पर्थ स्टेडियम में 51,000 से अधिक दर्शकों के सामने 72 ओवर के खेल में 19 विकेट गिरे। दिन का खेल खत्म होते समय ऑस्ट्रेलिया का स्कोर नौ विकेट पर 123 रन था और यह टीम पहली पारी में महज एक विकेट शेष रहते 49 रन पीछे है।दिन का शुरुआती सत्र पूरी तरह से मिचेल स्टार्क के नाम रहा। उन्होंने नियमित कप्तान पैट कमिंस और दिग्गज जोश हेजलवुड की गैरमौजूदगी में अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 58 रन देकर सात विकेट लिए, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे सत्र तक इंग्लैंड को ऑल आउट कर दिया। जोफ्रा आर्चर ने ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के पहले ही ओवर में विकेट लेकर दिखा दिया कि पांच तेज गेंदबाजों की मौजूदगी वाली इंग्लैंड की टीम भी इस मामले में कमजोर नहीं है। मैच में अभी चार दिन शेष और दोनों टीमों की पहली पारी लगभग खत्म हो चुकी है। इंग्लैंड ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाने के बावजूद आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखते हुए 5.23 रन प्रति ओवर की दर से रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए रक्षात्मक रुख अपनाना भारी पड़ गया क्योंकि टीम उस तेजी से रन नहीं बना सकी लेकिन नियमित अंतराल पर विकेट गंवाते रही।








**सीमा सुरक्षा बल के हीरक जयंती समारोह में गृह मंत्री अमित शाह**

# पांच साल में विश्व का सबसे आधुनिक 'सुरक्षा बल' होगा बीएसएफ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को गुजरात के भुज में सीमा सुरक्षा बल के हीरक जयंती समारोह को संबोधित किया। शाह ने कहा है कि आने वाला एक साल बीएसएफ के पूर्ण आधुनिकीकरण को समर्पित होगा। उसके बाद का एक साल हमारे वीर जवानों और उनके परिजनों के कल्याण को पूरी तरह समर्पित होगा। गृह मंत्रालय ने संकल्प लिया है कि बीएसएफ को अगले पांच साल में विश्व का सबसे आधुनिक सीमा सुरक्षा बल बनाएंगे। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में हम अनेक योजनाएं लाने वाले हैं। वह मुश्किल हालात में सीमा पर तैनात जवानों के परिजन को आश्वस्त करना चाहते हैं कि पीएम नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत सरकार आपके कल्याण में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

*अमित शाह ने कहा कि आगामी दिनों में हम अनेक योजनाएं लाने वाले हैं। वह मुश्किल हालात में सीमा पर तैनात जवानों के परिजन को आश्वस्त करना चाहते हैं कि पीएम नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत सरकार आपके कल्याण में कोई कसर नहीं छोड़ेगी*

'ऑपरेशन सिंदूर' में पाकिस्तान को दिया था करारा जवाब

यह संकल्प है 31 मार्च 2026 तक देश नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा

### भारत की सीमा से छेड़खानी के नतीजे भुगतने होंगे



अमित शाह ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए हमने तो सीमित ही जवाब दिया, परंतु पाकिस्तान ने आतंकवादियों पर हमारे हमले को खुद पर हमला मान लिया। जब पाकिस्तान की सेना हरकत में आई, तब बीएसएफ के जवानों ने उन्हें करारा जवाब देने में कोई कसर नहीं छोड़ी। कुछ ही दिनों में बीएसएफ और सेना के पराक्रम के कारण पाकिस्तान ने एकतरफा संधि की घोषणा की। इसके कारण पूरे विश्व में यह संदेश गया कि भारत की सीमा और भारत के सुरक्षा बलों के साथ छेड़खानी नहीं करते, वरना नतीजे भुगतने पड़ते हैं।

### 2,013 बहादुर जवानों ने सर्वोच्च आहुति दी

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि अब तक सीमा सुरक्षा बल के 2,013 बहादुर जवानों ने देश की सीमाओं को अखंड एवं सुरक्षित रखते हुए अपने प्राणों की सर्वोच्च आहुति दी है। न केवल सीमा-रक्षा में, बल्कि संयुक्त राष्ट्र के अनेक शांति मिशनों में तथा देश के भीतर उत्पन्न कितनी ही आपात स्थितियों में, चाहे आतंकवाद का मुकाबला करना हो या चाहे नक्सलवाद का, बीएसएफ के जवानों ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। सुरक्षा एजेंसियों के पराक्रम से देश 31 मार्च 2026 तक पूरी तरह नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा।

### 2.76 लाख जवान सीमा सुरक्षा में जुटे

शाह ने कहा कि 1 दिसंबर 1965 को सीमा सुरक्षा बल की स्थापना के समय से ही यह बल सभी ऊंचाइयों को प्राप्त करने में सफल रहा है। आज 193 बटालियनों और 2.76 लाख से अधिक जवानों की ताकत के साथ बीएसएफ पाकिस्तान से सटी 2,279 किमी और बांग्लादेश से सटी 4,096 किमी लंबी सीमा की पूरी सुरक्षा कर रहे हैं।

### पूरा देश ई-सुरक्षा के मजबूत घेरे में होगा

गृह मंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में हम 'ई-बॉर्डर सिक्योरिटी' का नया कॉन्सेप्ट लेकर आ रहे हैं। इसका शुरुआती इनिशिएटिव भी बीएसएफ ने ही लिया है। आने वाले एक साल में इसे जमीन पर पूरी तरह लागू करने के लिए हरसंभव प्रयास होंगे और अगले पाँच वर्षों में हमारी देश की संपूर्ण भू-सीमा ई-सुरक्षा के मजबूत घेरे में होगी।

### चुन-चुन कर घुसपैठियों को निकालेंगे

शाह ने कहा कि कुछ राजनीतिक दल तथाकथित घुसपैठियों के सफाए के अभियान को कमज़ोर करने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन हम इस देश में से घुसपैठिए को चुन-चुन कर बाहर निकालेंगे, यह हमारा प्रण है।

## दक्षिण अफ्रीका में पहली बार हो रहे जी20 सम्मेलन का बहिष्कार करने पर अड़ा अमेरिका


**दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति रामफोसा की दो टूक**

# जूनियर अधिकारी को नहीं सौपेंगे अध्यक्षता

एजेंसी ▶▶ केपटाउन/वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से सार्वजनिक मंचों पर दक्षिण अफ्रीका को लेकर दिए गए बयानों और उनके जी20 सम्मेलन में न आने की पुष्टि होने के बाद दोनों देशों के रिश्ते में तनाव और बढ़ गया है। इस बीच दक्षिण अफ्रीका ने स्पष्ट कर दिया है कि वह जी20 अध्यक्षता का प्रतीकात्मक हस्तांतरण किसी जूनियर अमेरिकी अधिकारी को नहीं करेगा।

बता दें कि जी20 आयोजनों में अब तक चलन रहा है कि जो भी देश इस संगठन की अगली अध्यक्षता संभालता है, उसके राष्ट्र प्रमुख या विशेष नेता-प्राधिकारी ही आयोजक देश से अध्यक्षता का प्रतीकात्मक हैंडओवर लेता है। अमेरिका ने जी20 अध्यक्षता के हस्तांतरण के लिए आठ सदस्यीय एक दल को भेजने के लिए दक्षिण अफ्रीका से अनुमति मांगी। इसका नेतृत्व अमेरिका के राजनयिक मार्क जिलार्ड करेंगे। राष्ट्रपति रामाफोसा के प्रवक्ता विंसेंट मैग्वेन्या ने सोशल मीडिया पर लिखा कि राष्ट्रपति किसी जूनियर अधिकारी को अध्यक्षता नहीं सौंपेंगे। मैग्वेन्या ने कहा कि राष्ट्रपति किसी राजनयिक (चार्ज डी'अफेयर्स) को जी20 की अध्यक्षता नहीं सौंपेंगे। यह स्थापित प्रोटोकॉल का उल्लंघन है। दुनिया का कोई भी राष्ट्राध्यक्ष ऐसा नहीं करेगा।



दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति रामफोसा

### बहिष्कार की राजनीति काम नहीं करती

रामफोसा ने एक कार्यक्रम का वीडियो अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया जिसमें वह कहते दिखाई दे रहे हैं कि बहिष्कार की राजनीति काम नहीं करती। जी20 के टेंट के अंदर रहना, टेंट के बाहर रहने से बेहतर है।

रामफोसा ने बताया कि दक्षिण अफ्रीका में मौजूद अमेरिकी दूतावास ने पहले ही नोटिस भेजकर यह बता दिया था कि वह इस शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं होगा। इसमें कहा गया है कि दक्षिण अफ्रीका की जी20 प्राथमिकताएं अमेरिकी नीति विचारों के विपरीत हैं और हम आपकी अध्यक्षता में बातचीत किए गए किसी भी डॉक्यूमेंट पर आम सहमति का समर्थन नहीं कर सकते।

**रामफोसा पर भड़का अमेरिकी ट्रंप प्रशासन**

# बहुत मुंह चला रहे हो यह तरीका पसंद नहीं

व्हाइट हाउस ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका में अमेरिकी दूतावास का प्रतिनिधि जोहांसबर्ग में जी-20 सम्मलेन के आखिर में औपचारिक हस्तांतरण समारोह में शामिल होगा क्योंकि अमेरिका अगले साल फ्लोरिडा में ट्रंप के स्वामित्व वाले एक गोल्फ क्लब में जी20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने कहा कि अमेरिका दक्षिण अफ्रीका में जी20 की आधिकारिक वार्ता में भाग नहीं ले रहा है। मैंने दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति को आज सुबह अमेरिका और अमेरिका के राष्ट्रपति के खिलाफ अपना मुंह चलाते हुए देखा। अमेरिकी राष्ट्रपति या उनकी टीम को बोलने का वो तरीका पसंद नहीं आया। लेविट ने कहा कि दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा के बयानों से डोनाल्ड ट्रंप और उनकी टीम नाराज है। लेविट का बयान दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति रामफोसा की टिप्पणी के बाद आया है जिसमें उन्होंने इशारा किया कि अमेरिका ने बॉयकॉट को लेकर अपना मन बदल लिया है। जी-20 की बैठक 22-23 नवम्बर को जोहांसबर्ग में होने जा रही है।



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

### गोरे अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार

पहले दक्षिण अफ्रीका ने घोषणा की थी कि अमेरिका ने जी20 शिखर सम्मेलन के बहिष्कार का अपना फैसला आखिरी समय पर बदल लिया है। लेकिन अब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने गुरुवार को इस दावे का जोरदार खंडन किया। ट्रंप ने कहा कि जी-20 बैठक में कोई भी अमेरिकी अधिकारी शामिल नहीं होगा। ट्रंप ने इस बहिष्कार के पीछे अपने उन दावों को कारण बताया जिसमें उनका कहना है कि दक्षिण अफ्रीका में गोरे अल्पसंख्यक किसानों पर हिंसक अत्याचार हो रहा है। ट्रंप के दावों को दक्षिण अफ्रीका ने पूरी तरह से खारिज कर दिया है। रामाफोसा ने निराशा जताई थी और कहा था कि अमेरिका के बॉयकॉट का मतलब होगा कि वह सम्मेलन के अंत में अध्यक्षता एक 'खाली कुर्सी' को सौंप देंगे।

### पाक में फैक्ट्री में धमाका, 15 की मौत

**फैसलाबाद।** पाकिस्तान के फैसलाबाद में मलिकपुर इलाके के पास एक फैक्ट्री में बड़ा गैस धमाका हुआ है। इस धमाके में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। राहत अधिकारियों के हवाले से बताया कि शुक्रवार सुबह फैक्ट्री का बॉयलर फटने के बाद एक बिल्डिंग और आसपास का ढांचा गिर गया। गैस लीक होने की वजह से एक फैक्ट्री में आग लग गई और दूसरी फैक्ट्रियों को भी अपनी चपेट में ले लिया। 7 घर चपेट में आ गए।

**दिल्ली बम धमाके में बड़ा खुलासा**

# आटा पीसने की मशीन से बना रहे थे बम, कैब ड्राइवर के घर से मिली

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में लाल किले के पास हुए कार ब्लास्ट मामले में जांच एजेंसियों को बड़ा सुराग मिला है। गिरफ्तार आरोपी मुजम्मिल शकील गनई ने विस्फोटक तैयार करने के लिए आटा चक्की और इलेक्ट्रिकल मशीनो का इस्तेमाल किया था।

जम्मू-कश्मीर के पुलवामा निवासी गनई फरीदाबाद में किराए के कमरे में आटा चक्की की मदद से यूरिया को बारीक पीसता था और फिर इलेक्ट्रिकल मशीन से उसे रिफाइन करके केमिकल तैयार करता था। 9 नवंबर को पुलिस ने इसी जगह से 360 किलो अमोनियम नाइट्रेट और अन्य विस्फोटक सामग्री बरामद की थी। पूछताछ के दौरान आरोपी गनई ने स्वीकार किया कि वह लंबे समय से इसी तरीके से अमोनियम नाइट्रेट को यूरिया से अलग कर विस्फोटक तैयार कर रहा था। वह फरीदाबाद स्थित अल-फलाह यूनिवर्सिटी में डॉक्टर था।



कैब ड्राइवर के घर से मिली मशीन

### टैक्सी ड्राइवर भी हिरासत में

जांच के दौरान पुलिस को हरियाणा के फरीदाबाद में एक टैक्सी ड्राइवर के घर से यह चक्की और मशीनें बरामद हुई हैं। एनआईए की टीम ने टैक्सी ड्राइवर को भी हिरासत में लिया है। ड्राइवर ने बताया कि उसकी मुलाकात गनई से लगभग चार साल पहले हुई थी, जब वह अपने बेटे का इलाज कराने अल-फलाह गया था।

### एजेंसियों की रडार पर 200 से ज्यादा डॉक्टर

जांच के दौरान एजेंसियों के रडार पर अब अल-फलाह यूनिवर्सिटी के 200 से ज्यादा डॉक्टर हैं। धमाके वाले दिन ही कई डॉक्टर एकाएक इस यूनिवर्सिटी को छोड़कर चले गए। अब इस बात का भी पता लगाने की कोशिश है कि धमाके के बाद कितने डॉक्टर व अन्य स्टाफ ने यूनिवर्सिटी छोड़कर गए थे। कई लोग ऐसे भी हैं जिन्होंने इस धमाके के बाद अपने मोबाइल का डाटा भी डिलीट कर दिया।




**एलएसी विवाद समाप्ति के बाद संबंधों को फिर से सामान्य बनाने की प्रक्रिया के तहत उठाया गया अहम कदम**

**गलवान में भारत और चीन के सैनिकों के बीच झड़प के बाद बंद थी वीजा सुविधा**

# दुनियाभर में भारत के दूतावासों से मिलेगा चीन के नागरिकों को पर्यटक वीजा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पूर्वी लद्दाख में 2020 के मध्य में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शुरू हुए विवाद के पिछले साल 2024 में पूरी तरह से समाप्त होने के बाद भारत और चीन अपने द्विपक्षीय संबंधों को फिर से पटरी पर लाने की कोशिशों में जुटे हुए हैं। जिसके तहत पूर्व में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। इसी कड़ी में अब भारत ने दुनियाभर में मौजूद अपने तमाम दूतावासों और मिशन के जरिए चीन के नागरिकों को पर्यटक वीजा देने का निर्णय लिया है। जिसके लिए वह मौजूदा सप्ताह के दौरान आवेदन कर सकेंगे। हालांकि इस मामले को लेकर अभी तक भारत की तरफ से आधिकारिक रूप से कोई जानकारी नहीं दी



गई है। पूर्व में भारत द्वारा चीन के नागरिकों के लिए शुरू की गई पर्यटक वीजा सेवाओं के जरिए वह बीजिंग में मौजूद भारतीय दूतावास और शंघाई, ग्वांगझू और हांगकांग में मौजूद भारत के वाणिज्य दूतावासों के जरिए ही इसके लिए आवेदन कर सकते थे। एलएसी विवाद की समाप्ति में दोनों देशों के शीर्ष नेताओं (प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग) के बीच रूस के कजान में पिछले साल हुई द्विपक्षीय बैठक की अहम भूमिका है। जिसके बाद अधिकारियों को दिए गए मार्गदर्शन के जरिए ही वर्तमान में भी दोनों पक्ष सीमा पर शांति बहाली की कवायद को आगे बढ़ाने में लगे हुए हैं।

### चार महीने बाद लिया गया फैसला

बताते चलें कि देश का यह निर्णय बीते चार महीने के बाद लिया गया है। जिसमें नई दिल्ली ने जुलाई महीने में चीन के नागरिकों के लिए भारत के पर्यटक वीजा की शुरुआत करने की घोषणा की थी। 2020 में एलएसी विवाद की शुरुआत के साथ भारत ने चीनी नागरिकों के लिए वीजा सुविधाओं पर रोक लगा दी थी। जिसके पीछे का एक बड़ा कारण इस साल के मध्य में इलाके की गलवान घाटी में दोनों देशों की सेनाओं के बीच हुई खूनी हिंसक झड़प रही है। जिसमें भारत के 20 और चीन के भी कई सैनिक मारे गए थे। घटना के बाद दोनों देशों के आपसी संबंध छह दशक में सबसे निचले स्तर पर जा पहुंचे थे। वर्तमान दौर में दोनों देश अपनी आम जनता के हितों और कल्याण को लेकर कई जरूरी कदम उठाने को लेकर एकमत हैं। जिनमें हालिया समय में शुरू की गई सीधी उड़ान सेवाएं, पवित्र कैलाश मानसरोवर यात्रा का फिर से आगाज, अलग-अलग श्रेणियों में की गई यात्री वीजा सुविधाओं की शुरुआत जैसे कदम मुख्य रूप से शामिल हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109